डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

11 फरवरी 2025 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

29 अधिकतम

10 न्यूनतम



Page- 7

# कठमुल्लापन का दंश झेलता पाकिस्तान और अफगानिस्तान



पाकिस्तान से बुरी खबर आ रही है। पाक के सबसे बड़े अखबार डॉन ने पाकिस्तान की रीजनल लैब द्वारा लिए गए नमूनों में 21 जिलों में पोलियो के 27 सेंपल में वाईल्ड पोलियो वायरस टाईप 1 की पुष्टि की है। पाक की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ को सौंपी रपट में पाकिस्तान की पोलियो के कमजोर पड़ती लड़ाई का जिक्र है। पोलियो से मुक्त हो चुके पूरे विश्व में केवल पाकिस्तान और अफगानिस्तान ही ऐसे देश हैं जो पोलियो के अभिशाप से मुक्त नहीं हो सके हैं। वजह है इन देशों में प्रभावी कठमुल्लापन और तहरीके तालिबान जैसे आतंकियों को दुष्प्रचार। उन्होंने इम दोनों देशों के खासतौर से देहाती इलाकों में रहने वाले लोगों को बरगला रखा है कि पोलियो की खुराक में सुअरकी चर्बी और अल्कोहल का इस्तेमाल इस्लाम के लिहाज से हराम है। हैरत की बात तो यह है कि पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला भारत 27 मार्च 2014 को पोलियो मुक्त हो चुका है। भारतीय मुस्लिमों ने अपने बच्चों को इस तरह के दकियानूसी फतवों की परवाह किए बगैर देश को पोलियो के शाप से मुक्ति दिलाने में दिल खोलकर मदद की। लेकिन पाकिस्तान में तो अब तक पोलियो की खुराक पिलाने वाले 300 से ज्यादा पुरूष और महिला कार्यकर्ताओं की हत्या की जा चुकी है। आपको जानकर हैरत होगी किक ववहां पोलियो की खुराक पिलाने वाला अमला पुलिस या सेना के संरक्षण में जाता है। लेकिन अंधे इस्लाम भक्तों ने वहं की सेना और पुलिस पर आत्मघाती हमले करके करीब पचास से ज्यादा सेना और पुलिस के जवानों की जान ले ली। यहां तक कि एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के साथ बलात्कार जैसी पैशाचिक वारदात भी हो चुकी है। ताजा खबर के मुताबिक पाकिस्तान के जिन 21 जिलों में पोलियोमाईलोटिस वायरस की पुष्टि हुई है, उसमें पाक की राजधानी इस्लामाबाद से लेकर लाहौर, कराची ईस्ट, पेशावर, बहावलपुर,मुल्तान, मुजफ्फराबाद जैसे जिले भी शरीक हैं। पिछले साल भी 73 केस पोलियो के डिटेक्ट हुए थे। इनमें 27 बलूचिस्तान, 22-22 खैबर पख्तूनवा और सिंध प्रांत तथा पंजाब और इस्लामाबाद के एक-एक केस थे। गौरतलब है कि 1988 तक अफगान और पाक के साथ पूर्वी अफ्रीकी देश नाइजीरिया भी पोलियो की गंभीर चपेट में था। लेकिन वह उससे बाहर निकल आया लेकिन मुल्ला मौलवियों के दकियानूसी फतवों और तहरीक ए तालिबान जैसे जहरीले भ्रामक प्रचार से चलते पाकिस्तान इससे बाहर नहीं आ पा रहा है। पाकिस्तान में 1990 में पोलियो के 20 हजार मामले सामने आए थे। पश्तोभाषी भाषाई वाले इलाके पोलियो की खुराक से परहेज करने में सबसे आगे है। विश्व को पोलियो से मुक्त कराने मे लगी संस्थाओं की पिछले हफ्ते तीन दिनों तक बैठक में 2025 तक इन दोनों देशों को पोलियो से मुक्त कराने की संकल्प लिया है। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ तथा यूएसएड के अलावा रोटरी फाऊंडेशन, गेट्, फाऊंडेशन, गावी और सीडीसी जैसे संगठन शामिल थे। उम्मीद की जाना चाहिए कि ये दोनों मुस्लिम देश के लोग दकियानूसी सोच से ऊपर उठकर अपने बच्चों के भविष्य की खातिर विश्व को पोलियो से मुक्ति दिलानें में मदद करेंगे और इस काम को अंजान दे वाले कार्यकर्ताओं की हत्या से बाज आएंगे।



**प्रसंगवश**
**राजेश सिरोठिया**

## पाकिस्तान के 21 जिलों में फिर मिले पोलियो के मामले

### भारत में आधुनिकता और आलस्य बन रहा जानलेवा

पाकिस्तान में कठमुल्लापन के चलते पोलियो से निजात नहीं मिल पा रही है तो भारत में घर में खाना बनाने से बचने का आलस्य और बाहर से चंद मिनटों में होम डिलेवरी से खाना बुलाना स्टेटस सिंबल बनता जा रहा है। सोशल मीडिया की माने तो खाने होम डिलेवरी के नाम पर देश में चार कंपनियां हर साल 35 हजार करोड़ का काम कर रही हैं। बीस मिन से कम वक्त में खाना घर पहुंचाने की होड़ में लगी ये कंपनियां दरअसल ऐसे खाने को खाकर ऐसी बीमारियों को दावत दे रहे हैं जो या तो कम उम्र में मौत का सबब बन रही हैं या फिर लाखों के खर्चो के इलाज का सबब रही हैं। इतने कम वक्त में मिलने वाला कितना स्वादिष्ट है यह अलग पहलू है लेकिन वह सेहत के लिहाज से कितना खतरनाक है, इस पर गंभीर सोच की जरूरत है।

## कर्नाटक भाजपा में असंतोष, येदियुरप्पा के बेटे को हटाने की मांग

**बेंगलूरू।** कर्नाटक में भाजपा अध्यक्ष के बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ राज्य के कुछ विधायकों और नेताओं ने असंतोष जाहिर करते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। विजयेंद्र, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे हैं। पार्टी हाईकमान ने शिकायत करने वाले नेताओं को फटकार लगाते हुए विजयेंद्र के खिलाफ शिकायतों पर कार्रवाई से इनकार किया है। पार्टी ने विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतमल को नोटिस जारी कर कहा कि आप अनुशासन भंग नहीं कर सकते। नोटिस का 72 घंटे में जवाब मांगा गया है।

## जीबी सिंड्रोम से महाराष्ट्र में मौतें, चार राज्यों में सामने आए मरीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम यानि जीबीएस के संदिग्ध मरीजों की संख्या 192 पर पहुंच गई है। 167 मरीजों में सिंड्रोम की पुष्टि हुई है। बीमारी से अब तक 7 लोगों की मौत हुई है। कल पुणे में 37 साल के युवक की मौत हुई। अभी 48 मरीज आईसीयू में हैं और 21 वेंटिलेटर पर हैं। एक्टिव केसों में 39 मरीज पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, 91 पुणे से लगे गांवों से, 29 पिंपरी चिंचवाड़, 25 पुणे ग्रामीण से और 8 अन्य जिलों से हैं। एक अधिकारी ने बताया कि जीबी सिंड्रोम के सबसे ज्यादा मामले नांदेड़ के पास स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी से सामने आए थे। जहां पानी में कैंपिलोबैक्टर जेजुनी पॉजिटिव पाया गया। यह पानी में होने वाला एक बैक्टीरिया है।

### इंवेस्टर्स समिट के लिए बदल रहीं नीतियां, ताकि मप्र में बढ़े रोजगार-व्यापार

# जीआईएस के लिए दो कदम और आगे बढ़ी सरकार, निवेशकों के पाले में गेंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अगले पखवाड़े होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले मप्र की यादव कैबिनेट ने आज आईटी और एमएसएमई विभाग की नीतियों पर विचार किया और इनमें महत्वपूर्ण बदलावों को सहमति दी। मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि ग्लोबल समिट में विदेशों से आने वाले उद्योग और व्यापार समूहों तथा विभिन्न देशों के वाणिज्यिक दूतावासों से बेहतर तालमेल और समन्वय के लिए 12 फरवरी को नई दिल्ली में विशेष बैठक होगी। बताया जाता है कि सरकार ने समिट से पहले कुल 21 नीतियों को स्वीकृति देकर निवेशकों के सामने एमपी का उद्योगों के प्रति उदार रुख पेश करने का खाका तैयार किया है। खास बात यह है कि यही उदारता उद्योगों से भी अपेक्षित है यानि वे मप्र सरकार की छूट का लाभ लें और बदले में मप्र के लोगों को नौकरी रोजगार के अवसर दें। गौरतबल है कि पिछली कैबिनेट बैठक में ड्रोन संवर्धन और सेमीकंडक्टर नीति को मंजूरी दी गई थी। अब आज आईटी और एमएसएमई विभाग की नीतियों पर सुझावों के बाद मुहर लगाई जा सकती है। बताया जाता है कि नई नीति में भूमि आवंटन और प्रोत्साहन संबंधी नियमों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिले और विदेशी निवेशक प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए आकर्षित हों। सरकार का लक्ष्य मध्यप्रदेश को सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाले राज्यों में शामिल करना है। इसके तहत नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास और निर्यात संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, एमएसएमई प्रोत्साहन के लिए अधिक पारदर्शी नीति बनाई जा रही है, जिससे स्टार्ट-अप्स और क्लस्टर विकास के लिए एक मजबूत ईको-सिस्टम तैयार हो सके। यह नीति नव द्यमियों, अनुसूचित जाति, जनजातीय समुदाय और महिला उद्यमियों के लिए भी फायदेमंद होगी। इसके अलावा, सरकार नई आईटी नीति को भी मंजूरी देने की तैयारी में है, जो डिजिटल इनोवेशन और टेक्नोलॉजी सेक्टर को मजबूती प्रदान करेगी।



### नमोवन की नींव रखी सीएम ने



कैबिनेट बैठक से पहले आज सीएम मोहन यादव ने भोपाल के हाईटेक पार्क 'नमोवन' के लिए भूमिपूजन किया। नमोवन में वह सबकुछ, होगा जो आकर्षण बनेगा। यह पार्क सोलर लाइट से रोशन होगा, जबकि फूड, टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट बनेंगे। फव्वारे और झूले भी रहेंगे। ताकि, यहां घूमने आने वालों को आकर्षक नजारा दिखाई दें। दावा है कि ये भोपाल का सबसे सुंदर पार्क होगा। लालघाटी के पास वीआईपी रोड किनारे 3 एकड़ में 6.99 करोड़ रुपए से पार्क विकसित होगा। वहीं, अमृत-2.0 के तहत 400.27 करोड़ रुपए के सीवेज प्रोजेक्ट की शुरुआत भी की गई। यादव ने 4 सीवर कम जेटिंग मशीनों और पुरानी बसों को बस स्टॉप में तब्दील करने के कार्य का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, बीजेपी जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, किशन सूर्यवंशी,सुमित पचौरी, राहुल कोठारी भी मौजूद रहे।

**मंत्रियों की ड्यूटी** : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ जा रहे श्रद्धालुओं से भीड़ और आवागमन की स्थिति का गूगल तथा जानकारी के अन्य स्रोतों से अनुमान लगाकर कार्यक्रम बनाने का आवाहन किया जा रहा है। उन्होंने मंत्रियों से भी कहा कि वे जनसामान्य को यात्रियों की मदद को प्रेरित करें।

## मंत्री पटेल के एकाउंट से कांग्रेस का प्रचार !

**भोपाल, एजेंसी**

**हैकरों की करतूत**



मप्र की भाजपा सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल के एक्स एकाउंट से कांग्रेस का प्रचार हो गया। जिसमें लिखा गया कि भारतीय कांग्रेस को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम देश के भीतर ब्लॉकचेन तकनीक का लाभ उठाते हुए अपना आधिकारिक डिजिटल टोकन पेश करेंगे। जैसे ही यह बात सामने आई, हड़कंप मच गया। जब पड़ताल की गई तो पता चला कि उनका एक्स एकाउंट हैक कर लिया गया और उसमें से कई तरह के पोस्ट व वीडियो पोस्ट किए जाने लगे। फिर मंत्री ने अपने सहयोगियों के साथ इसकी शिकायत सायबर पुलिस की। मंत्री ने देर रात लिखा कि किसी ने मेरा एकाउंट हैक कर लियाा है इसलिए मेरे नाम से जो भी पोस्ट व वीडियो प्रेषित किए जाएं, उन्हें सच न मानें। मंत्री का एक्स एकाउंट हैक करने वालों ने अलग–अलग तरह की पोस्ट की। एक पोस्ट में तो डालर का चिन्ह था।

## महाकुंभ से लौटते वक्त हादसा, 7 लोगों की मौत

**जबलपुर, एजेंसी**

सिहोरा में एक ट्रैवलर और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर में आज ट्रैवलर में सवार सात लोगों की मौत की खबरें हैं। हादसे में कुछ लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। ट्रैवलर में सवार लोग आंध्र प्रदेश के जो प्रयागराज से वापस लौट रहे थे। सिहोरा के करीब उनका वाहन एक तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना नेशनल हाईवे 7 पर सिहोरा के पास हुई। ट्रक जबलपुर से पुट्टी लेकर कटनी की ओर जा रहा था। सुबह लगभग 8¬45 बजे सिहोरा के ग्राम मोहला बरगी के पास ट्रक का टायर अचानक फटा। इसके बाद वह एक कार को टक्कर मारते हुए रॉन्ग साइड पहुंच गया। जहां प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैवलर को टक्कर मार दी।

## पंजाब सरकार पहुंची 'दिल्ली दरबार' परिवर्तन की सुगबुगाहट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

**केजरीवाल ने सीएम समेत सभी मंत्रियों को बुलाया**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज अपनी पूरी कैबिनेट के साथ चंडीगढ़ से दिल्ली पहुंचे हैं। आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के अपने नेताओं की यह बैठक राज्य इकाई में बढ़ते आंतरिक असंतोष के बीच बुलाई है। कपूरथला हाउस में केजरीवाल, भगवंत मान, उनके मंत्रियों और पंजाब के सभी विधायकों सांसदों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। उधर विपक्षी दलों-कांग्रेस और भाजपा का दावा है कि केजरीवाल अब भगवंत मान को पंजाब सीएम के पद से हटाने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि पार्टी सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल ने पंजाब के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों की यह बैठक दिल्ली विधानसभा चुनावों पर चर्चा करने और उनकी प्रतिक्रिया लेने के लिए बुलाई है। क्योंकि इन नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी उम्मीदवारों के लिए सक्रिय रूप से प्रचार किया था।चुनाव में सीएम मान, उनके मंत्री, सांसद, विधायक और पदाधिकारियों सहित 200 से अधिक नेता चुनाव प्रचार के लिए हफ्तों तक दिल्ली में डेरा डाले हुए थे। इस चुनाव में खुद केजरीवाल भी हारे हैं। और उनकी पार्टी सत्ता से बेदखल हो गई है।



## अव्यवस्थाओं व महाजाम के बीच महाकुंभ में अब वाहनों की नो एंट्री

**प्रयागराज, एजेंसी**

**माघ पूर्णिमा स्नान को लेकर कमर कसी**

आज महाकुंभ का 30वां दिन है और बीते कई दिनों से फैल रही अव्यवस्था के चलते अब 12 फरवरी को होने वाले माघ पूर्णिमा स्नान को लेकर प्रयागराज में नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत आज रात 8 बजे से 13 फरवरी की सुबह 8 बजे तक मेले में कोई भी वाहन नहीं चलेगा। सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ी और स्वास्थ्य विभाग के वाहन चलेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एसटीएफ चीफ अमिताभ यश को विशेष विमान से प्रयागराज भेजा तथा 52 नए आईएएस और आईपीएस तथा पीसीएस अफसरों को तैनात किया गया है। योगी ने कहा है कि माघ पूर्णिमा पर ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट के नियम सख्ती से लागू करें। सड़कों पर वाहनों की कतार नहीं लगनी चाहिए, न ही जाम की स्थिति होनी चाहिए। मेला परिसर तक शटल बसों की संख्या बढ़ाई जाए।

## बजट से मिडिल क्लास ही नहीं अमीरों को भी बहुत फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

**चिदंबरम ने उठाए सवाल**



पूर्व वित्त मंत्री पी चिंदबरम ने केंद्र सरकार के हालिया बजट पर कुछ सवाल उठाए है और कहा है कि बजट में दूरदृष्टि नहीं है बल्कि यह सिर्फ चुनाव से प्रेरित था। आयकर में कटौती का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे सिर्फ मध्यम वर्ग को ही फायदा नहीं होगा बल्कि इससे अमीरों को भी बहुत फायदा होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि टैक्स कटौती से यदि एक लाख करोड़ का नुकसान होगा, तो नेट कलेक्शन11 फीसदी कैसे बढ़ेगा? चिदंबरम ने राज्यसभा में कहा कि बजट में इनकम टैक्स में हुई कटौती पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है, जबकि सिर्फ 3.2 करोड़ लोग ही इनकम टैक्स देते हैं। बाकी लोग रिटर्न तो भरते हैं, लेकिन टैक्स नहीं देते, सरकार ने टैक्स छूट की सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दी है तो मेरा अनुमान है कि इससे 80-85 लाख लोग टैक्स के दायरे से बाहर हो जाएंगे और करीब 2.5 करोड़ लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस फायदे में सिर्फ मध्य वर्ग ही नहीं, बल्कि अमीर लोग भी शामिल है। उन्होंने कहा, इन 2.5 करोड़ लोगों में न केवल मध्यम वर्ग शामिल है, जिसकी वित्त मंत्री ने पूरे उत्साह से वकालत की थी। बल्कि इसमें 2,27,315 ऐसे व्यक्ति भी शामिल हैं, जिन्होंने एक करोड़ से अधिक का रिटर्न भरा है। लिहाजा सिर्फ मिडिल क्लास ही नहीं बल्कि अमीर लोगों को भी राहत मिलेगी।

## एक बार फिर लौटेगी सर्दी...



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में इस समय लगातार मौसम का मिजाज बदल रहा है। हवा के रुख में परिवर्तन के साथ एक बार फिर पारा चढ़ने लगा है और सर्दी से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन वेलेंटाइन डे के आसपास सर्दी का एक दौर फिर आने की संभावना है, क्योंकि अभी एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है, इसके साथ ही राजस्थान में एक प्रेरित चक्रवात भी है। अगले तीन चार दिन न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी की संभावना है। दिन में आंशिक और हल्के बादलों जैसी स्थिति बन सकती है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के साथ ही एक बार फिर हवा का रुख बदल गया है। अब तक उत्तरी हवा आ रही थी, इसके चलते ठंडक बनी हुई थी, लेकिन एक बार फिर से दक्षिण पूर्वी हवा आने लगी है।

### तीन माह से एमपी नगर में धूल के गुबार से परेशानी

# मेट्रो प्रोजेक्ट के कारण सड़क बन रही मुसीबत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के एमपी नगर इलाके में करीब साढ़े तीन साल से मेट्रो प्रोजेक्ट का काम लगातार जारी है। इन दिनों एमपी नगर में तमाम स्थानों पर मेट्रो प्रोजेक्ट का काम जारी है, लेकिन एमपी नगर जोन-वन की तरफ एक निजी मॉल के सामने लगातार काम लेट होने के कारण वाहन चालकों की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। वाहन चालकों के अनुसार यहां पर कच्ची सड़क पर कोपरा डालने के कारण वाहन निकलने के दौरान जमकर धूल उड़ रही है। करीब तीन महीने से यह स्थिति बनी है। वाहन चालकों का कहना है कि यहां पर निर्माण एजेंसी को सुबह-दोपहर-शाम को पानी का छिड़काव कराना चाहिए, जिससे धूल के गुबार जमीन पर ही दब जाए। यहां से ट्रैफिक का दवाब बहुत ज्यादा है। रोजाना एक लाख वाहन यहां से गुजरते हैं, जिसके कारण धूल से सभी परेशान हैं।

### बड़े बेरिकेड्स हटाए, समस्या जस की तस

मेट्रो प्रोजेक्ट का कई जगह काम चल रहा है, लेकिन सभी जगह नीचे का काम पूरा होने के कारण यहां पर सड़कें बना दी गई है। लेकिन एमपी नगर जोन-वन की तरफ निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन का काम नीचे और ऊपर दोनों जगह चलने के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। हालांकि बीते दिनों यहां पर सड़क में लगे बड़े-बड़े बेरिकेड्स को हटा दिया गया है, लेकिन में अब यहां पर जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग उठ रही है।



### इधर, सर्वधर्म से मलबा हटाया गया, काम जारी

कोलार रोड में सिक्सलेन सड़क का काम करीब सवा दो साल से जारी है। लेकिन सर्वधर्म कॉलोनी में लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अफसर की लापरवाही से राहगीरों को कई दिनों से परेशानी उठानी पड़ रही थी। सर्वधर्म ए-सेक्टर में मुख्य रोड पर करीब एक महीने पहले डक्ट निर्माण के दौरान खुदाई करके मिट्टी सड़क पर ही डाल दी गई थी, जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। साथ ही आसपास के सभी व्यापारियों को भी सड़क पर पड़ी मिट्टी के कारण धूल की परेशानी से रूबरू होना पा रहा था।

## भोपाल-उज्जैन पैसेंजर अब 16 मार्च तक चलेगी

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे ने भोपाल-उज्जैन के मध्य चलाई जा रही ट्रेन न. 09313/09314 उज्जैन-भोपाल-उज्जैन स्पेशल के फेरे तत्काल प्रभाव से पुन: विस्तारित किए हैं। ट्रेन न.09313 उज्जैन-भोपाल स्पेशल उज्जैन से 15 मार्च तक तथा ट्रेन न. 09314 भोपाल-उज्जैन स्पेशल 16 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी। ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव आदि में कोई बदलाव नहीं किया गया है। भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि लगातार यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। 26 फरवरी तक प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ को लेकर रेलवे ने भी यात्रियों का ख्याल रखा है।



**प्राण प्रतिष्ठा दिवस**

**भोपाल।** बद्री नारायण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर शाम को गढ़वाली समाज द्वारा संस्कृति कार्यक्रम में गायन की प्रस्तुति देने आए उत्तराखंड कलाकार हेमा नेगी सौरभ मैंठाणी लोकगीत की स्तुति दी अधिकांश लोग उत्तराखंड गढ़वाली वेशभूषा में शामिल हुए।

## साधु वासवानी स्कूल में प्रोजेक्टर पर बच्चों ने सुना प्रधानमंत्री मोदी को

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी भवन में बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा सुनीं। बच्चों ने तनाव रहित परीक्षा देने के टिप्स जाने। बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी मोदीजी से बच्चे के प्रति उनके उत्तरादायित्व को जाना। मोदीजी ने अपनी चर्चा में कहा कि अपने (विद्यार्थियों) मन पर नियंत्रण रखें। अकेले न रहें। अपनी हर बात अपने अभिभावकों व शिक्षकों के साथ साझा करें। अपने ऊपर विश्वास रखें, क्योंकि आपको ही तय करना है कि आपको अपने जीवन में क्या बनना है इसके लिए चिंतन करें चिंता नहीं। चिंता करने से परेशानियां ब?ती है कम नहीं होतीं। वहीं शिक्षकों को विशेष रुप से बच्चों के ऊपर ध्यान देना चाहिए। विद्यार्थियों की गतिविधियों को देखें और अभिभावकों को उनके बच्चों के बारे में अवगत कराएं, कई बार विद्यार्थी गलत संगत में चलें जाते हैं जिसकी जानकारी एक शिक्षक ही पूर्ण रुप से अभिभावकों को बता सकता है।

### जाना परीक्षा में किस तरह हासिल करें सफलता



**परीक्षा के टिप्स :** विद्यार्थियों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना है। विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहना है। अपना पूरा ध्यान अपने लक्ष्य प्राप्ति में लगाए। टाइम टेबिल बनाकर हर एक विषय को चैलेंज के रुप में लें। परीक्षा भवन में जाते समय सभी चीजें (एडमिड कार्ड) संभालकर लें जाएं। परीक्षा हॉल में आधा घंटे पहले पहुंचे, तनाव से दूर रहें।

## उपवास, पेट की सफाई और नींद, निरोगी रहने का हैं मंत्र : टेवानी

### प्राकृतिक चिकित्सा रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर का समापन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में चल रहे दस दिवसीय शिविर का सोमवार को समापन हुआ, समापन से पहले रविवार को अनुभव सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें शिविरार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए, वहीं विशेषज्ञों ने निरोगी रहने के टिप्स दिए। विशेषज्ञ सत्र में डॉ. रमेश टेवानी ने कहा, शिविर का उद्देश्य पूरे भारत को दवा रहित व दर्द रहित बनाना है। आजीवन निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई व नींद ये तीन चीजें जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, उपवास रसाहार व फलाहार के माध्यम से करते हैं। आप सबका दायित्व यह हैं कि आपने इस स्थान से जितना सीखा हैं उतना दूसरो को बांटे ताकि वो भी आपके जैसे स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखें। उन्होंने कहा कि 24 घंटे में से 1 घंटा हमें हमारे स्वास्थ्य की लिए समय निकालना चाहिए। स्वयं के डॉक्टर खुद बनें।

**यह अनुभव साझा किए :** दिल्ली की सीमा टुटेजा कहा कि शिविर में जीवन शैली के बारे में जाना है। फरीदाबाद की उष्मा कौशल ने कहा, दिनचर्या कैसी होनी चाहिए इसके बारे में जानने को मिला। भोपाल की रेखा वरलानी ने कहा कि उन्हें कमर दर्द में आराम मिला है। महाराष्ट्र से आए अरुन कुमार को बीपी में आराम मिला। दिल्ली के राजेश गुप्ता ने कहा, शिविर में दिनचर्या के बारे में जाना है। बदलाव भी देखा है। गुजरात से आए पुरषोतम ने कहा, बीपी व मधुमेह में आराम मिला है। चेतना बेन ने कहा, जीवन शैली के बारे मे जाना।

**इन समस्याओं का हुआ इलाज :** शिविर में डिप्रेशन, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, ऑस्टियोआर्थराइटि्स, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, कब्ज, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका माइग्रेन और फ्रोजन शोल्डर की समस्या का निदान किया।



**शिविर में यह गतिविधियां हुई :** नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राकृतिक आहार, ध्यानात्मक क्रियाएँ एवं आनंद मेला।

**मेट्रो एंकर**

### सेवासदन का मंत्रालय में नेत्र, दंत जांच शिविर शुरू

# शिविर के पहले दिन 252 कर्मचारियों ने कराई जांच

### स्वास्थ्य राज्य मंत्री पटेल और विधायक सबनानी ने भी चैकअप कराया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय मंत्रालय कर्मचारियों एवं उनके की निऱ्शुल्क जांच शिविर का आयोजन कर रहा है। चार दिवसीय शिविर की शुरूआत सोमवार को स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने की। पहले दिन 252 कर्मचारियों के दृष्टिदोष, नेत्र और दन्त रोगों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ करते हुए पटेल ने कहा कि दिनभर फाइलों और कम्प्यूटर पर काम करने के कारण कर्मचारियों की दृष्टि प्रभावित हो सकती है, व्यस्ततम दिनचर्या के बाद भी हर कर्मचारियों को अपनी सेहत ख्याल रखना चाहिए। शिविर में सभी कर्मचारी अपनी आंख,



दांत, बीपी और शुगर की जांच कराएं। सेवासदन का शिविर सराहनीय है। मंत्री पटेल और विधायम भगवानदास सबनानी ने भी अपनी आंखों, दांतों, रक्तचाप और ब्लड शुगर की जांच करवाई । स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने महिला कर्मचारियों की मांग पर मंत्रालय में एक महिला चिकित्सक पदस्थ करने का आश्वासन दिया । सबनानी ने कहा मंत्रालय कर्मचारियों के दृष्टिदोष, नेत्र और दन्त रोगों की जांच से उनका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और कार्यदक्षता बढ़ेगी। सेवा सदन के प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी और कन्सल्टेन्ट कर्नल डॉ. मदन देशपाण्डे, कर्मचारी नेता सुभाष वर्मा घनश्यामदास भकोरिया, एस.सी. ओसले, जी.पी.सिंह, टी.पी.पाण्डे, सुनील मंडावी, संजय राठौर, प्रदीप सेन उपस्थित रहे । सेवासदन चिकित्सालय से भारती जनयानी हॉस्पिटल मैनेजर (आई केयर), डायरेक्टर कुशल धर्मानी, डॉ नेहा मोटा, दन्त चिकित्सक डॉ. कोमल दासवानी एवं डॉ. रोशनी ज्ञानचंदानी, पैथॉलॉजिस्ट अनिल प्रजापति, ऑप्टोमेट्रिस्ट अजय सिंह एवं डी.पी. मिश्रा उपस्थित थे।

**15 को ओएसएमएफ के उपचार सलाह :** शिविर के पहले दिन 252 कर्मचारियों ने अपने दृष्टिदोष, नेत्र और दन्त रोगों की जांच करवाई, इसमें 130 कर्मचारी दृष्टि दोष, 06 को मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। अन्य 45 कर्मचारियों को निःशुल्क चश्में प्रदान किए गए, जबकि 20 कर्मचारियों को उच्च रक्तचाप तथा 51 की डायबिटी? ब?ी हुई पायी गयी। दन्त रोगों में 91 कर्मचारियों को आरसीटी प्रोसी?र करवाने, 53 को कैविटी, 62 कर्मचारियों के एक्स्ट्रेक्शन करवाने का परामर्श तथा 26 कर्मचारियों के दांतों की सफाई की गई । इनके अलावा 15 कर्मचारियों का मुंह पूरी तरह से न खुलने के कारण उनको ओएसएमएफ रोग का नियमित उपचार करवाने की सलाह दी गई।

## पंचायत अध्यक्ष ने रखीं समस्याएं



**हिरदाराम नगर.** पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी ने एक निजी कार्यक्रम में मिलने पर विधायक रामेश्वर शर्मा के सामने संतनगर की समस्याएं रखीं। चांदवानी फाटक रोड के व्यापारियों की परेशानी, श्री ईएमई सेंटर जाने वाली टेलीफोन केबिल और व्यापारियों की समस्याओं से अवगत करवाया। चांदवानी ने कहा है कि विधायक ने समस्याओं का शीघ्र हल करवाने का आश्वासन दिया है।

## संत कॉलेज की कशिश सोनी का चयन



**हिरदाराम नगर.** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने हेल्थवेशंस एम प्राइवेट लिमिटेड के साथ वर्चुअल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया, जिसमें वीडियो एडिटर, ग्रॉफिक्स डिजाइनर और बैक ऑफिस एक्जीक्यूटिव के पदों के लिए चयन प्रक्रिया हुई। जिसमें छात्रा, कशिश सोनी का बैक ऑफिस एक्जीक्यूटिव के लिए चयन हुआ। 13 फरवरी को वह ज्वॉइन करेंगी। कॉलेज की प्राचार्य, डॉ. डालिमा परवानी ने कशिश सोनी को हार्दिक बधाई दी है।




*भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को दोपहर मेट्रो के प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया ने अपनी पुस्तक ख़बरनवीसी- आपबीती, आँखों देखी भेंट की। इस दौरान डॉ. यादव ने दोपहर मेट्रो के अंकों का अवलोकन करते हुए उसके कंटेंट की भी तारीफ़ की।*

## सीएमएचओ के खिलाफ एनएसयूआई ने खोला मोर्चा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता पर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी के खिलाफ उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से उनके भ्रष्टाचार की शिकायत किए जाने के बावजूद , उन्हीं से जवाब मांगा जाना प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। परमार ने कहा कि यह पत्र मध्यप्रदेश शासन के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी की पत्नी एवं संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, भोपाल संभाग, डॉ. नीरा चौधरी द्वारा जारी किया गया है। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि कहीं किसी प्रकार का राजनीतिक दबाव तो नहीं बनाया जा रहा? आखिर क्या मजबूरी है कि शिकायतकर्ता की मांग के अनुरूप निष्पक्ष जांच के बजाय आरोपी अधिकारी से ही जवाब मांगा जा रहा है ?

## जाम में फंसे हुए श्रद्धालुओं की मददगार बनेगी कांग्रेस

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुये कहा है कि कुंभ मेले में भाग लेने प्रयागराज जा रहे एवं वहां से वापस लौट रहे नागरिकों, जिसमें, बच्चे, युवा, महिलाएं, बुर्जुग बहुत ज्यादा भीड़ होने के कारण जाम में फंसे हुये हैं उन्हें खाने पीने सहित अन्य समस्याओं में हरसंभव मदद करें। पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश के विभिन्न मार्गों से चाहे विंध्य क्षेत्र हो, चित्रकूट हो, कटनी से जबलपुर होते हुये श्रद्धालु प्रयागराज कुंभ मेले जा रहे हैं और वहां से वापस लौट रहे हैं, इससे 50-50 किलोमीटर तक लंबा जाम लगा हुआ है पटवारी ने कांग्रेसजनों से आग्रह किया कि श्रद्धालुओं को जाम से निकालने और उनकी खाने-पीने सहित अन्य समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हम सभी श्रद्धालुओं और प्रशासन का सहयोग करें।

# ड्रोन टेक्नोलॉजी का इकोसिस्टम बनाने में जुटी मध्यप्रदेश सरकार

**ड्रोन स्कूलों की स्थापना, इमेज एनालिटिक्स, एआई टूल्स, पाठ्यक्रम विकसित करने को बढ़ावा दिया जाएगा**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



मध्यप्रदेश ड्रोन इंडस्ट्री का इकोसिस्टम बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके लिये सरकार शुरुआत में ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी बना रही है। ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और संचालन के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए नई ड्रोन नीति के अंतर्गत मध्यप्रदेश तहत ड्रोन स्कूल स्थापित करेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य मंत्रिमंडल ने मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 को पिछले दिनों स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अनुसार ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी सरकार के ड्रोन डेटा और इमेजरी के लिए एक केंद्रीयकृत प्लेटफ़ॉर्म होगा। यह भारत के प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल से प्रेरित होगा। बताया जाता है कि सीएम मोहन यादव ने संबंधित विभागों और एजेंसियों से को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का ईको सिस्टम बनाने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने को कहा है ताकि ड्रोन के सुरक्षित और कुशलतम उपयोग के माध्यम से नवाचार, आर्थिक संपन्नता और रोजगार को बढ़ावा मिल सके। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे के अनुसार राज्य में ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने और ड्रोन नीति पर विचार विमर्श के लिए पहली राज्य स्तरीय कार्यशाला हुई थी, जिसमें देश के सभी स्टेक होल्डर और एक्सपर्ट ने ड्रोन प्रौद्योगिकी के व्यापक अनुप्रयोगों पर चर्चा की साथ ड्रोन पॉलिसी के लिए सुझाव भी साझा किये थे।

### मानदंड बनाने और नियम बनाए रखने के लिए जिम्मेदार

एमपी पोस्ट के मुताबिक अब विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 लिए नोडल विभाग होगा तथा इसके लिए मानदंड बनाने और नियमों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगा। डेटा रिपॉजिटरी विभिन्न विभागों के मध्य परस्पर डेटा साझा करने और सहयोग को बढ़ावा देगी। यह जीआईएस आधारित योजना और विश्लेषणात्मक उपकरणों का उपयोग करके बेहतर निगरानी तंत्र विकसित करेगी।

### निर्माण पर रखेगा नजर

ड्रोन आपदा प्रभावित क्षेत्रों में थर्मल इमेजिंग और हाई-रिजोल्यूशन कैमरों का उपयोग करके प्रभावित लोगों का पता लगा सकते हैं। ड्रोन प्रभावित क्षेत्रों की विस्तृत तस्वीरें देक बचाव के प्रयासों में मदद करते हैं। पुनर्निर्माण के प्रयासों और बीमा दावों को प्रामाणिकता देने में मदद मिलती है। ड्रोन आपातकालीन स्थितियों में चिकित्सा आपूर्ति और खाद्य सामग्री को कठिनाइयों वाले क्षेत्रों में पहुंचा सकते हैं। ड्रोन पुलों, भवनों और अन्य बुनियादी ढांचे का निरीक्षण कर सकते हैं, जिसमें रखरखाव और सुरक्षा मूल्यांकन शामिल हैं।

यह रिपॉजिटरी तत्काल अद्यतन निगरानी सुविधा प्रदान करेगी, जिससे संसाधनों का त्रुटिरहित आवंटन होगा और अधोसंरचना विकास में सहयोग मिलेगा। इससे होने वाले लाभों में बेहतर समन्वय, निर्णय-प्रक्रिया में मदद मिलेगी, लागत और समय का सदुपयोग होगा और परियोजनाओं की समीक्षा में सुधार होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि डेटा प्रबंधन सुरक्षित रूप से किया जाए और सहयोगी भागीदारों के साथ रिपॉजिटरी की प्रबंधन व्यवस्था बनाए रखी जाए।

### भंडारण और प्रसारण प्रौद्योगिकियों का उपयोग

राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य की एजेंसियों द्वारा एकत्र किए गए सभी ड्रोन डेटा को राष्ट्रीय भौगोलिक नीति 2022 या उसके बाद के किसी संशोधन या नीति के अनुसार डेटा सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अंतर्गत संग्रहीत किया जाए। संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षित डेटा भंडारण और प्रसारण प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जायेगा।

गौरतलब है कि भविष्य में ड्रोन का उपयोग तेज़ी से बढ़ेगा। यह बिना पायलट वाला यंत्र है जो विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। यह कई प्रकार से अभिनव समाधान प्रस्तुत करता है और मानवीय श्रम की बचत करता है। यह फसल की निगरानी के लिए उपयोग किया जाता है। ड्रोन से फसल की सेहत की निगरानी, रोगों का पता लगाने और फसल की पैदावार का मूल्यांकन करने में सहायता मिल रही है। ड्रोन उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव सटीकता से कर सकते हैं।

# जागरूक करेगी नगर सुरक्षा साइबर समिति

**सुरक्षा समिति के सदस्यों को जोड़कर बनाई गई समिति**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर प्रदेशभर में सायबर जागरूकता अभियान (सेफ क्लिक) चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भोपाल पुलिस ने एक अभिनव पहल करते हुए नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों को जोड़कर नगर सुरक्षा सायबर समित का गठन किया है। यह समिति आमजन को सायबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक करने का काम करेगी। जानकारी के अनुसार सायबर जागरूकता अभियान के तहत रीजनल कॉलेज श्यामला हिल्स पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया।

इस सेमीनार में डीसीपी जोन क्रमांक-3 रियाज इकबाल और एडिशनल डीसीपी शालिन दीक्षित ने प्रतिभागियों को साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। सायबर सेल प्रभारी एसआई रमन सिंह ने वर्तमान में घटित हो रहे साइबर अपराध जैसे डिजिटल अरेस्टिंग, फोन-पे के माध्यम से फ्रॉड, ओटीपी फ्रॉड, आनलाईन शॉपिंग फ्रॉड आदि के बारे में विस्तार से बताया।

### चक्षु पोर्टल, सपोर्ट पोर्टल एवं संचार साथी ऐप के बारे में जानकारी

भारत सरकार द्वारा सायबर सुरक्षा के लिये बनाये गये चक्षु पोर्टल, सपोर्ट पोर्टल एवं संचार साथी ऐप के बारे में जानकारी दी। सेमीनार के अंत में नगरीय पुलिस जोन-3 भोपाल के सभी थानों में नई पहल करते हुए नगर सुरक्षा सायबर समिती का गठन किया गया। नगर सुरक्षा सायबर समिती पुलिस तथा जनता के मध्य सेतु का काम करते हुए जनता के साथ हो रहे आर्थिक अपराधों को रोकने में पुलिस के लिये मील का पत्थर साबित होगी। इन समितियों के कार्य का मासिक रूप से मूल्यांकन किया जाकर मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

# सौरभ और साथियों से ईडी भी कर सकता है पूछताछ

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



परिवहन विभाग व अन्य क्षेत्रो में काली कमाई के आरोप में जेल में बंद मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके करीबी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल की मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। लोकायुक्त पुलिस के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करना चाहता है।

ईडी ने इसके लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष न्यायालय में आवेदन किया है। मामले में न्यायालय आज सुनवाई कर रहा है। सुनवाई के दौरान जेल अभिरक्षा से सौरभ, चेतन और शरद को भी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि इसके पहले भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष न्यायालय से अनुमति लेकर ईडी ने जेल में तीनों से पूछताछ की थी। तीनों से अलग-अलग लगभग छह-छह घंटे पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि तीनों ने रटा-रटाया जवाब ही दिया है। सबसे बड़ा प्रश्न लोकायुक्त छापे के अगले दिन में कार में मिला 54 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये नकदी को लेकर था। ईडी की पूछताछ पूरी होने के बाद आयकर विभाग भी कोर्ट से अनुमति लेकर इनसे पूछताछ करेगा।

## सिंहस्थ व्यवस्थाओं का विस्तार उज्जैन में ग्रामीण क्षेत्रों तक होगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा कि सिहंस्थ-2028 का व्यवस्थित और सफल आयोजन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सिंहस्थ की व्यवस्थाओं का विस्तार उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक होगा, अत-इसमें पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। सिंहस्थ के आयोजन में श्रद्धालुओं के आवागमन की दृष्टि से उज्जैन जनपद विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, इंडस्ट्रियल बेल्ट भी इसी क्षेत्र में विद्यमान है। यह सब बिंदु, क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। पंचायत प्रतिनिधि, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। जनपद क्षेत्र में सुव्यवस्थित विकास गतिविधियां संचालित की जाएं।

## पर्यावास भवन के सामने मलबा और कचरा नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर के दो मामलों में संज्ञान लिया है।ड़पहला मामला ड़पर्यावास भवन के सामने मलबा-कचरा डंप होने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि पर्यावास भवन में लगने वाले विभिन्न शासकीय कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि विगत एक साल से कचरा-मलबा जमा हुआ है। भवन की पार्किंग स्पेस में कचरा डंप किया जा रहा है। इस कारण पार्किंग में वाहन खड़ा करने में कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं सकी है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है।

भोपाल शहर के शाहजहांनाबाद इलाके में एक तेज रफ्तार ईवी कार की टक्कर से एक व्यापारी की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मामले में आयोग ने पुलिस आयुक्त से मामले की जांच कराकर कार चालक के विरुद्ध की गई कार्यवाही मृतक को मोटरयान अधिनियम, 1988 के अंतर्गत देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही तथा मृतक के परिवार की स्थिति के संबंध में प्रतिवेदन मांगा है।

## समर्पण निधि के कार्यक्रमों को लेकर समिति की गई गठित

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने जिला पदाधिकारियों की बैठक ली और अटल स्मृति संग्रह, संपर्क अभियान और संत रविदास जी की जयंती, मन की बात कार्यक्रम, एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन को लेकर चर्चा की गयी।यति ने कहा कि जिले के सभी 31 मंडलों में समर्पण निधि के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें मंडल में निवासरत, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री समर्पण निधि एकत्रित करेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री किशन सूर्यवंशी, जगदीश यादव,राम बंसल रेनवाल, राहुल राजपूत, इंद्रजीत सिंह राजपूत सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# राष्ट्र भक्त और चरित्रवान पीढ़ी निर्माण करना विद्या भारती का उद्देश्य: यतींद्र

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

आनन्द तीर्थ शिक्षा प्रकल्प माता वेदरी में मन्दिर एवं अतिथि आवास भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं बात विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन यतीन्द्र शर्मा ने कहा कि राष्ट्र भक्त एवं चरित्रवान बालक-बालिकाओं की पीढ़ी का निर्माण करना ही विद्या भारती का उद्देश्य है।



विद्या भारती शिक्षा के साथ साथ समाज परिवर्तन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के पूर्व छात्र समाज की बड़ी पूंजी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नवी एवं नवीकरणीय मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में देशभर में उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा ग्राम भारती द्वारा संचालित आनन्द तीर्थ शिक्षा प्रकल्प माता वेदरी में मन्दिर एवं अतिथि आवास का विधि विधान से भूमि पूजन कर शिलालेख का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा थे एवं अध्यक्षता मध्य प्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने की। विशेष अतिथि विधायक विष्णु खत्री द्वारा अपने उद्बोदन में कहा की प्रकल्प अपने आसपास के ग्रामों में विकास, शिक्षा, संस्कार के साथ साथ सामाजिक चेतना का केन्द्र बन रहा है।

## प्रयागराज यात्रियों के लिए सुविधाएं बनाए रखें: मुख्यमंत्री यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ में मध्यप्रदेश से जा रहे श्रद्धालुओं को सुगम यातायात, रहने और भोजन सहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने (मुख्यमंत्री निवास) समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा संभाग अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रबंधों की जिलावार जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिए की महाकुंभ की अवधि तक आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखी जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं का पूरा ध्यान रखने के संबंध में रीवा, सीधी, मैहर, सतना, मऊगंज जिलों के प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों और प्रतिनिधियों से चर्चा कर आवश्यक प्रबंध के निर्देश दिए।



## संपादकीय

# जीत के बाद की चुनौतियां

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के जो नतीजे आए हैं, उसकी व्याख्या सभी अलग तरीके से कर रहे हैं। बावजूद इसे बहुत अप्रत्याशित कहना अतिशयोक्ति ही होगी। यह चुनाव शुरू से साफ नजर आ रहा था कि इस बार बीते दो चुनाव जैसा मामला नहीं हैं। हालांकि भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सीधी टक्कर सभी मानते थे लेकिन कांग्रेस ने जरूर दमदारी दिखाते हुए मैदान में जगह बनाए रखी। भले ही नतीजों में कोई दम न दिखा हो। हालांकि ऐसा लगता है कि कांग्रेस को मतदान के कुछ दिन पहले अपने असर का अहासास होने लगा था लिहाजा नतीजा यह हुआ कि उसे शिथिलता ने घेर लिया। भाजपा लंबे समय से आम आदमी पार्टी की कमजोरियों और अनियमितताओं को उजागर करती आ रही थी। इस तरह वह लोगों के मन में सत्ताविरोधी लहर पैदा करने में कामयाब भी हुई। उसे केंद्र में अपनी सरकार का मनोवैज्ञानिक लाभ भी मिला। हालांकि तमाम सर्वेक्षणों से यही पता चल रहा था कि दिल्ली की बड़ी आबादी आम आदमी पार्टी सरकार से बहुत नाखुश नहीं थी, मगर उनमें से काफी लोग इस बार बदलाव चाहते थे। आम आदमी पार्टी की साख को सबसे अधिक नुकसान कथित शराब घोटाले की वजह से हुआ। इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जेल जाना पड़ा था। पार्टी लगातार दलील देती रही कि उसके नेताओं को झूठे आरोप में फंसाया गया है, मगर वह लोगों के गले नहीं उतरी। नतीजों से यह भी जाहिर हुआ है कि भाजपा के काम पर लोगों का भरोसा कमजोर नहीं हुआ है। हालांकि विधानसभा चुनाव में इस बार मुद्दों से अधिक मुफ्त की योजनाओं का शोर सुनाई दिया। आम आदमी पार्टी सरकार पहले से मुफ्त बिजली-पानी और शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचा रही थी। इसे लेकर बहुत सारे लोगों के मन में एक आकर्षण बना हुआ था। फिर सरकार ने चुनाव से ऐन पहले घोषणा कर दी कि वह हर महिला को इक्कीस सौ रुपए हर महीने देगी। इसके लिए पंजीकरण भी शुरू कर दिया। इसके जवाब में भाजपा ने ढाई हजार रुपए हर महीने देने की घोषणा कर दी। फिर यह भी भरोसा दिलाया कि जो योजनाएं पहले से चल रही हैं, अगर उसकी सरकार बनी तो, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। इस वादे पर लोगों ने भरोसा किया। दूसरे कुछ राज्यों में भी भाजपा महिलाओं के लिए नगद राशि देने की योजनाएं चला रही है। जबकि पहले भाजपा खुद दिल्ली सरकार की मुफ्त की योजनाओं की मुखर आलोचना करती थी, मगर चुनाव आते ही उसने भी आम आदमी पार्टी को उसी के दांव से पटखनी देने का फैसला कर लिया और उसमें उसे कामयाबी भी मिल गई। हालांकि दिल्ली सरकार के पास शासन क्षेत्र सीमित है, उसे केंद्र के साथ तालमेल बिठा कर ही विकास योजनाओं पर आगे कदम बढ़ाना होता है। आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र के बीच शुरू से तनातनी बनी हुई थी, जिसके बीच अपने अधिकारों को लेकर कई बार केजरीवाल सरकार को अदालत तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा। ऐसे में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह खींचतान समाप्त हो जाएगी और उम्मीद बनी है कि कुछ बेहतर और उल्लेखनीय काम हो सकेंगे। मगर नई सरकार के सामने चुनौतियां भी कम न होंगी। आम आदमी पार्टी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जो काम किए हैं, उससे बेहतर काम करके दिखाना होगा। इसके अलावा यमुना को साफ करने का जो मुद्दा चुनावों में जबरदस्त तरीके से उठा वह भी भाजपा सरकार का दायित्व बनेगा। इन सभी के साथ मुख्यमंत्री के पद पर भाजपा किसे चुनती है,इस पर भी बडा दारोमदार होगा।

# गढ़ भी नहीं रहा और सेनापति भी नहीं

■ उमेश चतुर्वेदी

मराठी की एक कहावत में गढ़ जीतने को अहम तो बताया गया है, लेकिन गढ़ की जंग में अगर सेनापति का बलिदान हो जाता है तो उस जीत को भी बड़ा नहीं माना जाता। इसी मराठी कहावत की तर्ज पर दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है? अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही।अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस उम्मीद और सपने को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की जनता ने भरपूर साथ दिया। पहली 54.3 प्रतिशत वोट और 67 सीटें तो दूसरी बार 53.57 प्रतिशत वोट और 62 सीटें देना एक तरह से बेहतर और चमकीले सपनीले भविष्य को लेकर जनाकांक्षाओं का उफान था। कभी बंगला और गाड़ी न लेने, वीआईपी कल्चर को न अपनाने के वायदे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल धीरे-धीरे इसी जनाकांक्षा को भूलते चले गए। दूसरे कार्यकाल में तो वे तानाशाह की तरह खुद को स्थापित करते गए। झूठ और फरेब की राजनीति को ही उन्होंने अपनी सियासी आदत बना लिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की भारी जीत के बाद जैसे उनका खुद पर नियंत्रण नहीं रहा। आम आदमी पार्टी में सिर्फ उनकी ही चलती थी। लोकतंत्र का मुखौटा भी वहां नहीं रह गया था। वैसे भी आम आदमी पार्टी को पहली आर्थिक मदद देने वाले प्रशांत भूषण,. वैचारिक आधार तैयार करने वाले योगेंद्र यादव और प्रोफेसर आनंद कुमार के साथ ही अपने साथी रहे कुमार विश्वास को पार्टी से पहले ही बाहर कर चुके थे। उनके साथ रहे उनके आंदोलन के दिनों के साथी मनीष



सिसोदिया और स्वाति मालीवाल। हालांकि उनके शासन के आखिरी दिनों में जिस तरह स्वाति की मुख्यमंत्री के घर में ही पिटाई हुई, उसने केजरीवाल के स्वभाव की एक तरह से कलई खोल दी।

केजरीवाल ने अपने पहले कार्यकाल में बेशक अच्छे कार्य किए। मोहल्ला क्लीनिक का विचार दिया और उसे लागू किया। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया, दो सौ यूनिट तक बिजली और एक सीमा तक पानी मुफ्त दिया। महिलाओं को फ्री में बस यात्रा की सहूलियत दी। लेकिन इसके साथ ही दिल्ली में भ्रष्टाचार बढ़ता गया। दो साल पहले के चुनाव में नगर निगम पर भी उनका कब्जा हो गया। इसके पहले दिल्ली की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम पर अपना नियंत्रण ना होने का बहाना बनाते रहे थे, लेकिन अब वह बहाना भी नहीं रहा। फिर भी दिल्ली गंदी होती चली। दिल्ली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली डीटीसी के बेड़े से बसें कम होती चली गईं।

केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए। शुरू में उनकी बहानेबाजी तो चली,लेकिन बाद में लोगों ने समझना शुरू कर दिया कि वे सिर्फ हवा-हवाई दावे करते हैं और बहानेबाजी के जरिए खुद को बचा ले जाते हैं। 2022 में पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने महिलाओं को हजार रूपए महीने देने का वादा किया था, लेकिन अब तक उन्हें यह रकम नहीं दे पाए। पंजाब रोडवेज की बसों में महिलाओं को फ्री सहूलियत देने के चलते पंजाब रोडवेज घाटे में है। इसकी वजह से महीनों तक कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही। सूचना और संचार क्रांति के दौर में ये सारी बातें दिल्ली की जनता तक पहुंचती रहीं। इसका असर यह हुआ कि केजरीवाल से लोगों का भरोसा खत्म हो गया।

पिछले दो चुनावों तक केजरीवाल नैरेटिव तैयार करते थे और उनके विपक्षी उसका जवाब देते थे। इस बार भी महिलाओं को 21 सौ रूपए महीने देने और उसके लिए उनके फॉर्म भरवाकर नैरेटिव स्थापित कर दिया था। लेकिन बाद में बीजेपी ने उनकी काट शुरू की। उसने अपना पंद्रह सूत्रीय संकल्प पत्र पेश किया। महिलाओं को 2500 रूपए महीने की सम्मान निधि देने और 200 की बजाय 300 यूनिट बिजली फ्री देने जैसे ऐलान किए। इसका असर वोटरों पर दिखा। इस बीच बीजेपी ने चुनाव प्रबंधन के लिए अपने सारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री उतार दिए। मंडल स्तर तक बड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता भी सक्रिय हुए। भारतीय जनता पार्टी ने बुनियादी स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया, जिन्हें मनाने की जरूरत थी, उन्हें मनाया, सबके योग्य जिम्मेदारी दी। सभी कार्यकर्ता सक्रिय हुए। उन्होंने जमीनी स्तर तक काम किया। इसका असर चुनावों में दिखा। केजरीवाल की पार्टी पस्त रही। खुद केजरीवाल भी हारे हैं, उनके विश्वस्त मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और राखी बिड़लान जैसे नाम चुनावी जंग में खेत रहे हैं।

बीजेपी की जीत में कुछ हिस्सेदारी कांग्रेस भी है। हालांकि उसे पिछले चुनाव की तुलना में महज दो फीसद ज्यादा वोट मिले हैं। कांग्रेस को भले ही समर्थन नहीं मिला। कुछ एक जगहों को छोड़ दें तो उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर भी नहीं रहे। लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार और उनके बड़बोलेपन के खिलाफ माहौल बनाने में योग जरूर दिया। दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने खुलेआम मोर्चा खोल रखा था। उन्होंने कहा था कि अपनी मां के अपमान का बदला वे जरूर लेंगे। संदीप खुद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से मैदान में उतरे और केजरीवाल की हार की पटकथा लिखने में मदद की। कांग्रेस ने भी मान लिया है कि उसका असली दुश्मन भारतीय जनता पार्टी की बजाय आम आदमी पार्टी है। इसलिए उसने अपना सारा ध्यान आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और उसके खिलाफ रहा। केजरीवाल के शीश महल का सवाल भले बीजेपी ने उठाया, लेकिन जिस आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल जेल गए थे, उसका भंडाफोड़ कांग्रेस के नेता अजय माकन ने ही किया था। जनता के बीच वे सादगी के साथ आए थे, इसलिए लोगों को उनका शीश महल स्वीकार नहीं हुआ। केजरीवाल ने चुनाव के आखिरी वक्त में एक और गलती कर दी। उन्होंने यह कहकर बीजेपी पर हमला बोला कि उसकी हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिला दिया है ताकि दिल्ली वालों का नुकसान हो। इस बात को जनता स्वीकार नहीं कर पाई। जनता ने माना कि केजरीवाल का भी यह भी एक बहाना है, उस वायदे को ढकने के बहाना है, जिसके तहत उन्होंने यमुना को पांच साल में साफ करने और उसमें नहाने का वादा किया था।

दिल्ली में राजनीतिक माहौल बदल चुका है। अब बीजेपी के सामने जिम्मेदारियों की लंबी लिस्ट है। उसकी जिम्मेदारी है कि वह राजधानी को खुशहाल ही नहीं, पर्यावरण अनुकूल और साफ भी बनाए। केजरीवाल के लिए यह चिंतन का वक्त है। उनका गढ़ भी छिन गया है और सेनापति भी नहीं रहे। ऐसे में सेना का उठ खड़ा होना आसान नहीं, वे उठ पाएंगे या नहीं, उनकी राजनीति में बदलाव आएगा या नहीं, यह तो वक्त ही बता पाएगा।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **जीवन में सफलता हासिल करने के लिए आपकी सोच का दूरदर्शी होना बेहद जरूरी है।**
> **-श्रीमद्भगवत गीता**

# मोदी की गारंटियों पर दिल्ली वासियों की मुहर

■ सुरेश पचौरी

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वहां की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बिठाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और मोदी जी के नेतृत्व में ही देश प्रगति के नए सोपान नाप सकता है। लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। जीत का यह परचम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुस्पष्ट विजन के कारण लहराया है। मोदी जी के विजन पर मुहर लगाकर दिल्लीवासियों ने डबल इंजन की सरकार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था- मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण। दिल्ली की जनता ने इस नारे को आत्मसात करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन पर करारा प्रहार कर राष्ट्र-विकास के संकल्प को जिता दिया। यह जीत देश की राजधानी दिल्ली के बिगड़े सूरत-ए-हाल में निखार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी के प्रति भरोसे की जीत है। इस शानदार जीत में यह संदेश भी छिपा है कि सिर्फ झूठ, फरेब और आलोचना के सहारे देश के जनमानस को ज़्यादा समय तक दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि ÷साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी। इस संकल्प के साथ उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा को सेवा करने एक अवसर देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था-- आपने दिल्ली में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी को काम करने का मौका नहीं दिया। आपने 25 साल तक कांग्रेस और आप को देखा है, अब कमल को मौका दीजिए। जैसे परिवार का मुखिया अपने प्रियजनों का ख्याल रखता है, वैसे ही मैं आपका ख्याल रखूंगा। बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि हम जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं।

आज देश में मोदी की गारंटी विश्वास का पर्याय बन चुकी है। सर्वविदित है कि



'मोदी की गारंटी' का मतलब है, जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पूरा होना। देश के तमाम राज्यों के लोगों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया और वहां की सरकारें जनहित में बेहतर काम कर रही हैं। उस कड़ी में अब दिल्ली राज्य भी शामिल हो गया और जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को अमली जामा पहना दिया। हम अतीत की बात करें तो मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, महाराष्ट्र और ओडिशा में जनता ने मोदी जी की परिकल्पना पर केन्द्रित बीजेपी की डबल इंजन की सरकार पर यकीन करते हुए बंपर जीत दिलवाई। भाजपा शासित इन प्रदेशों में विकास और राजनैतिक स्थिरता का संदेश दिल्ली की करोड़ों जनता के बीच भी गया। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया और चुनाव में मौका मिलते ही अन्य राज्यों के नागरिकों की तरह ही फैसला लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सेवा करने का अवसर दे दिया।

भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इनमु द्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदीजी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। जनता अच्छी तरह से समझ गई थी कि अरविंद केजरीवाल ने जो वादे किए थे, वे पूरे किए ही नहीं। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। उन्होंने राजधानी दिल्ली को विकास का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया। दूसरे नेताओं की जीवनशैली पर उंगली उठाने वाले तथा राजनीति में सादगीपूर्ण जीवन जीने की बातें करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गए।

नैतिकता की बातें हवा हवाई हो गईं। दो-तीन कमरों के घर में रहकर जनसेवा करने की बात करने वाले नेता ने शान-ओ-शौकत का शीशमहल खड़ा कर लिया। एक ओर जहां दिल्ली की जनता तमाम परेशानियों से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की सरकार के मंत्री व नेतागण अपनी सुख-सुविधा में मस्त थे। इन हालात में जनता ने आम आदमी पार्टी की वादाखिलाफी के बदले भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के संकल्प को अंगीकार कर मोदी जी की गारंटी पर भरोसा ज़ाहिर किया।

दिल्ली विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की इस जीत के निहितार्थ साफ हैं। स्मरण कराना होगा कि मई 2014 में एनडीए सरकार के मुखिया के रूप में नरेन्द्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला था, तब राज्यों में अलग राजनैतिक परिदृश्य था। उस समय देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें थीं। इनमें से पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बीजेपी तो आंध्रप्रदेश और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। उस समय 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकारें सत्तासीन थीं। इन राज्यों में महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे बड़े राज्य शामिल थे।

कालांतर में देश ने मोदी सरकार के काम को देखा, मोदी जी की गारंटी को जाना और डबल इंजन की सरकार के महत्व को समझा। यही कारण है कि चार साल में ही देश की राजनैतिक तस्वीर बदल गई थी। चार साल बाद याने मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें बन चुकी थीं। अब दिल्ली में भी विजय पताका फहराई है। वर्ष 2025 में देश के 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकारें होंगी। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में इस राजनैतिक परिदृश्य से स्पष्ट है कि देश को अब सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। देश की जनता विपक्षी दलों के भुलावे व गुमराह करने वाली बातों में आने वाली नहीं है। वह डबल इंजन की सरकार द्वारा हो रहे विकास के मॉडल को देख रही है, उसे महसूस कर रही है, तभी तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार गठबंधन की सरकार को अवसर देने के बाद राज्यों की कमान भी भाजपा को सौंप रही है। भाजपा ही वह राजनैतिक दल है, जिसने सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर बिना भेदभाव के पहुंचाया है। इस दल में परिवारवाद नहीं बल्कि योग्यता का सम्मान है। यहां काम पर भरोसा है और इस भरोसे के प्रतिबिंब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प और मोदी जी की गारंटी का मान रखा। हमारा मानना है कि जनता का यह फैसला देश की राजधानी की सूरत और सीरत में गुणात्मक परिवर्तन करने वाला साबित होगा। निःसंदेह, दिल्ली की जनता के लिए यह परिवर्तन विकास के नए सूर्योदय सरीखा है।

**(साभार : लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं।)**

## आज का इतिहास

- 1543: इंग्लैंड और रोम के बीच फ्रांस के खिलाफ समझौता।
- 1613: जहांगीर ने ईस्ट इंडिया कंपनी को सूरत में कारखाना लगाने की अनुमति दी।
- 1720: स्वीडन और ईरान के बीच शांति समझौता।
- 1793: ईरान की सेना ने नीदरलैंड के वेनलो पर कब्जा किया।
- 1794: यूएस की सीनेट का सेशन पहली बार आम जनता के लिए खोला गया।
- 1798: फ्रांस ने रोम पर कब्जा किया।
- 1814: नॉर्वे ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1826: लंदन यूनिवर्सिटी की स्थापना यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नाम से की गई।
- 1889: जापान में संविधान लागू ।
- 1916: एमा गोल्डमैन को बर्थ कंट्रोल पर भाषण देने पर गिरफ्तार किया गया।
- 1922: चीन को स्वतंत्रता दिलाने के लिए नौ देशों ने वाशिंगटन में एक संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1933: गांधी जी के हरिजन वीकली का प्रकाशन शुरू।
- 1953: सोवियत यूनियन ने इजराइल से राजनीतिक संबंध समाप्त किए।
- 1959: भारतीय क्रिकेटर वीनू माकंड ने आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में खेला।
- 1963: अमेरिका ने इराक की नई सरकार को मान्यता दी।
- 1964: ग्रीक और तुर्क के बीच जंग शुरू।
- 1968: दक्षिण वियतनाम में कम्युनिस्ट सैनिकों ने 300 नागरिकों को हत्या कर सामूहिक रूप से दफना दिया।
- 1975: ब्रिटिश कंजरवेटिव पार्टी की प्रथम महिला नेता के रूप में माग्रेट थैचर का निर्वाचन।
- 1979: ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खमैनी का सत्ता पर कब्जा।
- 1986: असंतुष्ट यहूदी अनातोली शरास्की नौ साल बाद सोवियत जेल से रिहा।
- 1987: अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।

## निशाना

### है हमने ये ठाना !



-कृष्णेन्द्र राय

हर बात पर राजनीति ।
होकर रहने वाली ।।
चलता तेज़ दिमाग है ।
नहीं है रखना खाली ।।
काम पड़ा है ज्यादा ।
ना करना आराम ।
घटनाएं कुछ हो रहीं ।
ज्यादा अब तमाम ।।
हर पल अब कुछ नया ।
लेकर के ही आना ।।
पेश है करना वह कुछ ।
चाहे जो ज़माना ।।
होंगे कामयाब हम ।
है हमने ये ठाना ।।
लेकिन होगा बंद ना ।
रहेगा बजता गाना ।।

### दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

# परीक्षा देने जा रही दो छात्राओं से छेड़छाड़ दोनों चलती बस से कूदी, गंभीर घायल

**दोनों सगी बहनें जिला अस्पताल में भर्ती**

**पीड़ीत बोली कंडक्टर ने दरवाजे बंद करके अश्लील कमेंट किया**

**हमारे कहने पर भी बस नहीं रोकी, कूदकर बचाई जान**

**पुलिस ने तीन आरोपियों किया गिरफ्तार, एक फरार**








**तेंदूखेड़ा/दमोह, दोपहर मेट्रो**

जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबह यात्री बस में दो छात्राओं के साथ छेड़खानी करने का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह एक बस में बैठकर पेपर देने जा रही दो छात्राओं के साथ छेड़खानी के प्रयास का मामला सामने आया है। घबराई छात्राओं ने पहले बस को रोकने का प्रयास किया, लेकिन जब बस नहीं रोकी गई तो दोनों ने चलती बस से छलांग लगा दी आरोपी बस को लेकर वहां से फरार हो गए।

दोनों छात्राओं ने अपने परिजनों को फोन लगाया इसके बाद उन्हें घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया है। छात्राओं के सिर में चोट आई है। दोनों अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती हैं। मामला इमलिया चौकी के अधरोटा टोरी मार्ग के बीच का है। तेजगढ़ पुलिस ने बस के आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है और आरोपी फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है। बस को भी जब्त कर लिया गया है।

### रोज आने वाली बस नहीं मिली तो दूसरी बस में बैठीं

कक्षा नवमी की छात्रा ने बताया कि वह अपने गांव से टोरी सरकारी स्कूल में का पेपर देने जा रही थी। जिस बस से वह रोज आना-जाना करती थी, वह बस सोमवार को नहीं आई थी। एक नई बस उन्हें मिली जिसमें वह बैठ गई। बस पूरी तरह खाली थी। उसमें ड्राइवर सहित चार लोग स्वार थे।

### किराया लेने से मना किया, फिर बंद किए दरवाजे

कुछ दूर चलने के बाद जब हमने बस के कंडक्टर को किराया दिया तो उसने किराया लेने से मना कर दिया और अचानक उसने बस के दरवाजे बंद कर दिए। एक आरोपी हमें बुरी नजर से घूर रहा था और गंदे कमेंट करने लगा। हमने बस को रुकवाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने बस नहीं रोकी और तेज बस को दौड़ाने लगे।

### डर कर बस से कूदी छात्राएं

डर के मारे हम दोनों बहने एक के बाद एक चलती बस से कूद गए। आरोपी वहां से बस लेकर चले गए। जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। जहां घटना की जानकारी लगते ही एएसपी संदीप मिश्रा,डीएसपी भावना दांगी और कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई और छात्राओं से जानकारी ली।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

इस संबंध में तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि घटना की खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की थी। बस को और बस में सवार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी की तलाश की जा रही है अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बस कहां की है और कहां जा रही थी। सभी आरोपियों को पकड़ने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर उसके बाद छात्राओं से घटनाक्रम का सत्यापन कराया जाएगा।

## नगरपालिका अध्यक्षों को अमृत 2.0 से होने वाले रिफार्म का प्रशिक्षण



**इटारसी।** महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन पंजाब द्वारा चंडीगढ़ में 10 से 11 फरवरी दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमृत 2.0 मिशन के तमाम घटकों की जानकारी भोपाल व नर्मदापुरम संभाग के नगरपालिका अध्यक्षों को दी जा रही है। पंजाब में शामिल प्रशिक्षण में शामिल इटारसी नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि पहला सेशन एमजीएसआईपीए के एमडीसी संकेत जैन और जसविंदर सिंह ने लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमृत 2.0 योजना से होने वाले रिफार्म की जानकारी दी जा रही है। श्री चौरे ने बताया कि अपशिष्ट प्रबंधन समाधानों और अपशिष्ट प्रबंधन में आने वाली समस्याओं की पूरी जानकारी दी गई और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर विभिन्न नीतियों और नियमों पर भी संक्षेप में चर्चा की गई। वाटर और वेस्ट वाटर के उपयोग को कैसे किया जा सकता है यह बताया जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि प्रशिक्षण लेने के लिए 20 से अधिक नगरपालिका अध्यक्ष पहुंचे हैं।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक



**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन द्वारा 9 फरवरी को इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में टिमरनी की तिनका सामाजिक संस्था के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक जीता। इस गौरवशाली उपलब्धि में लोकेश प्रधान ने चौथी बार स्वर्ण पदक जीतकर अपनी काबिलियत साबित की। वहीं शालिनी चौहान ने रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक सत्यम गौर, अभिजीत पचौरे, अर्पण सांख्ले और आरती शामिल रहे। इसके अलावा, राधिका गौर, रोहित खराटकर और अमित अहिरवार ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिससे संस्था और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। तिनका संस्था के अध्यक्ष रितेश तिवारी और सचिव मना मंडलेकर ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। मना मंडलेकर ने बताया कि खिलाड़ियों की आर्थिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए संस्था ने चयनित खिलाड़ियों का संपूर्ण खर्च उठाया, जिसमें एंट्री फीस, ट्रैकसूट, यात्रा व्यय और भोजन शामिल है। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारी खर्च लगता है, जो कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी बाधा बन जाती है। संस्था ने यह सुनिश्चित किया है कि आर्थिक तंगी के कारण किसी खिलाड़ी का सपना अधूरा न रह जाए।

### नर्मदा घाट की साफ सफाई करने पहुंची विधिक सेवा अधिकारी अंकिता शांडिल्य बोलीं

## नर्मदा की साफ सफाई के लिए सभी वर्ग आगे आएं

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



इस धरती की अनुपम धरोहर नर्मदा है जो पूरे मध्यप्रदेश व भारत की जीवनदायिनी कहलाती है जिसके जल को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है,यह हमारे अध्यात्म एवं सांस्कृतिक पर्वों का प्रतीक है यह बात विधिक सेवा अधिकारी अंकिता शांडिल्य ने नर्मदा घाट की साफ सफाई करने के दौरान कही. रविवार को वह नर्मदा घाट श्रम दान करने पहुंची थी.अखिल कायस्थ महासभा के द्वारा लगातार प्रत्येक रविवार को नर्मदा संरक्षण हेतु लगातार नदी एवं तटों की सफाई की जा रही है, जिसमें सर्व समाज के जन अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं, इसी कड़ी में कु अंकिता शांडिल जिला विधिक सेवा अधिकारी नर्मदापुरम भी पहुंची रविवार को इस अभियान में जहां पर उन्होंने मां नर्मदा के महत्व को बताया तथा कहा नर्मदा जी के तट पर कई साधु संत महात्मा अदृश्य रूप में तपस्या कर रहे हैं वह हमें देख रहे हैं कि हम स्वच्छता बनाए रखते हैं या गंदगी फैलाते है उन्होंने सर्व समाज से अपील कि वह सभी इस पुण्य कार्य में आगे आए एवं श्रमदान करें. साथ ही साथ उन्होंने कायस्थ महासभा के अभियान की भी प्रशंसा की.उनके साथ पहुंचे अनंत तिवारी डिप्टी चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल संयोगवश उनका रविवार के दिन ही जन्म दिवस भी था जिस पर उन्होंने संकल्प लिया एवं सर्व समाज से अपील की कि वह सभी भी मां नर्मदा के संरक्षण हेतु इस अभियान में श्रमदान करें. इस मौके पर अखिल कायस्थ महासभा की नीतू श्रीवास्तव,प्रीति खरे,सुमन वर्मा,शीतल श्रीवास्तव,सारिका सक्सेना,ईरा वर्मा,ऊषा वर्मा,मंजू श्रीवास्तव,शोभा श्रीवास्तव,जानकी ,प्रदीप श्रीवास्तव,सी बी खरे,विजय वर्मा,लालदा प्रसाद, आदित्य सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## माझी समाज में रिश्तों की डोर बांधने परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन, 200 से अधिक हुए पंजीयन, 8 रिश्ते बने

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**



मध्यप्रदेश माझी समाज महासंघ इटारसी द्वारा पंडित भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में रिश्तों की डोर शीर्षक से नवयुवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। परिचय सम्मेलन में प्रदेशभर से 5 हजार से अधिक सामाजिक बंधु शामिल हुए। सम्मेलन में 200 विवाह योग्य युवक युवतियों ने पंजीयन कराया और मंच से अपना परिचय भी दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, नपा सभापति राकेश जाधव, पत्रकार बसंत चौहान, मछुआ कल्याण संगठन के पूर्व राज्यमंत्री दर्जा डॉ कैलाश विनय, बबलू कहार ओबेदुल्लागंज, मांझी समाज अध्यक्ष उज्जैन राकेश वर्मा, बैतूल जनपद अध्यक्ष नानकराम ढोल मौजूद थे।

कार्यक्रम में महासंघ के प्रकाश पहलवान केवट, अशोक माझी, भीमसेन मालवीय, लीलाधर वर्मा,नरेंद्र मालवीय, अनिल केवट, मुकेश केवट, नरेश माझी, लक्ष्मण प्रसाद मालवीय, सहित अन्य समाजजन मौजूद थे। परिचय सम्मेलन की जानकारी देते हुए महासंघ अध्यक्ष पंकज पहलवान केवट ने बताया कि सम्मेलन में सामाजिक सहभागिता बहुत शानदार रही। बडी संख्या में सामाजिक बंधु आए। यहां युवक-युवतियों ने मंच से आकर अपना परिचय दिया और 8 रिश्ते कार्यक्रम में ही फाइनल हो गए।

विधायक डॉ शर्मा ने समाज के भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए बैठकर चर्चा करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने समाज की एकजुटता की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि यह कम देखा जाता है कि एक साथ हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु एकत्र हुए हों। डॉ शर्मा ने कहा कि परिचय सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आज समय की मांग है, एक कार्यक्रम में समाज के सभी लोग आकर रिश्ते खोजते हैं इससे अच्छे संबंध बन जाते हैं। माझी समाज के इस परिचय सम्मेलन में शहर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष व प्रतिनिधि भी पहुंचे। यहां उनका स्वागत किया गया। इसकी काफी सराहना की गई।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य और स्टार्टअप, नौकरी व अन्य चीजों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान किया गया।

## 10 दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं पंच कुंडीय महायज्ञ में भारी संख्या में पहुंच रहे रहे है श्रद्धालु

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**



ग्राम सांगा में चल रहे 10 दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं पंच कुंडीय महायज्ञ के आयोजन के सातवें दिन भक्तों का सैलाब उमर पड़ा लोगों ने सर्वप्रथम यज्ञशाला की परिक्रमा की और बाद में चल रही श्री राम कथा व्यास पंडित आनंद कृष्ण महाराज के मुखारविंद से भक्ति रस का रसपान किया। साथ ही सम्पूर्ण आयोजन स्वामी भास्कर आनंद गिरि जी महाराज के सानिध्य में, आचार्य पंडित सुरेश दुबे जी महाराज और पंडित आनंद कृष्ण जी महाराज छोटी कटंगी वालों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है जहां न केवल ग्राम सांगा के ग्रामवासी बल्कि आसपास के क्षेत्र के भक्तगण भी पहुंचकर भक्ति कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। इसी कार्यक्रम में बुंदेलखंड की सुप्रसिद्ध गायिका संजू बघेल ने अपने बुंदेली अंदाज में भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे क्षेत्र को भक्ति मय कर दिया लोग भक्ति में इस कदर डूबे की नाचने पर विवश हो गए इस अवसर पर संजू बघेल का आयोजन समिति के संयोजक नितिन जैन सरपंच ने आभार मानते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुण लाभ लेने पहुंचे मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री के पिता भाव सिंह लोधी की उपस्थिति रही इसके साथ ही अजीतपुर के सरपंच प्रतिनिधि राजेश यादव, हरदुआ के सरपंच महेंद्र यादव, एडवोकेट पंडित महेश मिश्रा, पंडित दिनेश प्यासी भी इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित रहे साथ ही अतिथियों का सम्मान भी आयोजन समिति के सदस्यों ने मिलकर किया आयोजन मंडल में मुख्य यजमान पप्पू यादव, जुगराज पटेल, गोवर्धन यादव, हल्ले यादव, बलराम यादव, राम सिंह, मदन, निर्भय सिंह, शंकर गोंड, भारत, परम यादव, साहब यादव, रामाधार, सुरेश जैन, तिलक जैन आदि ने किया।

## उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं स्टाफ की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता ( महिला एवं पुरुष ) खेल का आयोजन एन ई एस शिक्षा महाविद्यालय में किया गया। जिसमें बैडमिंटन, शतरंज , टेबल टेनिस खेल हुए। जिसमें जिले की शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, नर्मदा पुरम , शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय इटारसी, स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा , शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी, शासकीय महाविद्यालय सिवनी मालवा, शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा, शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय बाबई, शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी, शासकीय महाविद्यालय पिपरिया एन ई एस शिक्षा महाविद्यालय नर्मदा पुरम के कीड़ा अधिकारी प्राध्यापक एवं स्टाफ के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल के दौरान एन ई एस शिक्षा महाविद्यालय के संचालक अरुण शर्मा ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं अच्छे खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपरोक्त खेलों की नर्मदापुरम जिले की टीम का चयन किया गया। अब यह टीम संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी. महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कीड़ा अधिकारी महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉक्टर संजय गर्ग, रविशंकर मिश्रा, प्रवीण मीना, अंबिका राजपूत का विशेष योगदान रहा।

**मेट्रो एंकर** | प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में अमृत वर्षा के पंचम दिवस वही ज्ञान गंगा

# जहां भगवत कथा होती है वहां भगवान अवश्य आते हैं : पं. कमल किशोर नागर

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

हनुमान जी के अति प्राचीन मंदिर दूधिया बढ़ के पास संतश्री के मुखार बिंद से हो रही अमृत वर्षा के पंचम दिवस की ज्ञान गंगा कथा में व्यास पीठ से नागर जी ने बताया की जहां प्रभु कथा ओर प्रभु के उत्सव के साथ सच्चे भक्त होते हैं और जहां सच्चे भक्त होते हैं वहां भगवान को आना ही पड़ता है, भगवान की कथा अनादि काल से होती चली आ रही है। भागवत कथा माता पार्वती के साथ सभी ऋषियों ने भी सुनी हनुमान जी ने भी सुनी वही कथा हमें भी ब्रह्म ज्ञानी गुरु से सुनने को प्राप्त हो रही है। रानी दमयंती को कथा से ब्रह्म ज्ञान प्राप्त हुआ जिसे महर्षि वशिष्ठ एवं उनके शिष्यों को हथप्रद कर दिया था भागवत कथा में केवल भक्तों के चरित्र के गुण को ही भजन के रूप गाना चाहिए जिससे मनुष्य के जीवन में रस मिले प्रभु की रासलीला का भी तात्पर्य यही है। जय घोष करना भी परमात्मा का ही स्वरुप है। उन्होंने बताया की श्री कृष्ण के जन्म के बाद नदियों का जलस्तर बढ़ गया विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ गया पृथ्वी हरी भरी हो गई आकाश से बाजे बजने लगी देवता पुष्प वर्षा करने लगे ऋषि मुनि वेद पाठ करने लगे पूरी सृष्टि में ईश्वर कृपा की अनुभूति होने लगी। इसी प्रकार यदि श्रीमद् भागवत कथा में आनंद आने लगे तो समझो प्रभु कृपा बरस रही है। जिस घर में अतिथि संत महात्मा के चरण पढ़ते रहते हैं उनका आदर सत्कार होता है उस घर को बैकुंठ के समान समझना चाहिए कथा के पुण्य कभी समाप्त नहीं होते साधारण कर्म से प्राप्त पुण्य जब तक रहते हैं तब तक आप स्वर्ग में निवास कर सकते हैं जैसे ही पुण्य समाप्त होते हैं व्यक्ति को वापस कर दिया जाता है परंतु कथा के पुण्य समाप्त नहीं होते हैं।



कथा ब्रह्म की है और ब्रह्म कथा एवं स्वर्ग दोनों में रहते हैं ब्रह्म कथा स्वरूप दोनों में रहते हैं कथा के पुण्य स्थायी रहते उन्होंने कहा की ईश्वर बचपन में सुख मत देना और बुढ़ापे में दुख नहीं देना ध्रुव , प्रह्लाद ने बचपन में दुख भोगा और फिर प्रभु कृपा से सुख ही सुख पाया। संत श्री नागर ने मोबाइल को मंथरा के समान बताया है जैसे मंथरा ने राजा दशरथ का घर बिगड़ा इसी प्रकार मोबाइल बच्चों के साथ-साथ दांपत्य जीवन भी बिगाड़ रह रहे हैं । मूर्ख गलती करे तो करें लेकिन ज्ञानी को गलती नहीं करना चाहिए भीष्म पितामह ने भी द्रोपदी का चीर हरण देखा था उसकी सजा 6 माह तक सरसैया पर पड़े रहना पड़ा। प्रवचन के पूर्व नागर जी के पोते गोविंद नागर ने भी अपने प्रवचनों से सभी लोगों का मन मोह लिया।

# सीएम के जापान से लौटने पर, विधायक ने धन की देवी तस्वीरें देकर किया स्वागत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के जापान यात्रा के पश्चात प्रथम भेंट करके विधायक उमाकांत शर्मा ने भारत वर्ष की धन, वैभव एवं ऐश्वर्य की देवी श्री महालक्ष्मी जी एवं जापान की धन की देवी किचीजोई का संयुक्त चित्र भेंट करते हुए आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट श्वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलनश् भोपाल (म.प्र.) के आयोजन के लिये शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए किए जा रहे ठोस कदमों के लिए भगवान श्रीकृष्ण के पांचजन्य सदृश्य महा विजय का शंखनाद करने के लिए मनमोहक शंख भी भेंट किया। इसके अलावा कई विषय चर्चा की।

## शब-ए-बारात त्योहार पर व्यवस्थाओं को लेकर नगरपालिका तहसीलदार को आवेदन पत्र सौंपा

**सिरोंज।** लटेरी ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू के निर्देश अनुसार तहसील लटेरी अध्यक्ष अख्तर खान एडवोकेट



एवं नगर अध्यक्ष इमरान अली के नेतृत्व में मुस्लिम समाज जनों की उपस्थिति में एक आवेदन पत्र तहसीलदार को सौंपा गया। आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है कि विगत दिनों 13.02.25 को मुस्लिम समाज का त्योहार शब ए बारात मनाया जाएगा त्योहार से पूर्व मस्जिदों के आसपास एवं कब्रिस्तानों में साफ सफाई लाइट पानी की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई है।

### प्राचीन तालाब का सीमांकन तो हुआ, लेकिन नहीं बदली सूरत

# विधायक के निर्देशों के बाबजूद माफिया से नहीं हो पा रहा मुक्त

**■ आखिर किसका दबाव निर्देश दिए 6 महीने बीते**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शहर के प्राचीन तालाब के नाम पर, करोड़ों की राशि खर्च होने के बाद भी आज तक इसकी तस्वीर नहीं बदल पाई है उल्टा अतिक्रमण जरूर तालाब की भूमि भूमि माफियाओं ने कर लिया जिसके चलते 32 बीघा तालाब वर्तमान में आधी जगह पर भी नहीं दिखाई देता है केवल कागजों में ही 32 बीघा है धरातल सब गोलमाल है। समाज सेवी अशोक जैन खर्च की शिकायत के बाद विधायक उमाकांत शर्मा ने तालाब का सीमांकन करके जिनके पास भी इसकी जमीन है उनसे खाली करवाने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों पर भी 6 महीना में प्रशासन पालन नहीं कर पाया सीमांकन हुए 6 महीने बीतने बाले पर भूमि माफियाओं से तालाब की जमीन छुड़ाने का काम प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी नहीं कर पाएं हैं। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा की अधिकारी भू माफियाओं के आगे बेबस है तभी तो विधायक के सख्त निर्देशों के बाद भी छोटे तालाब की भूमि अतिक्रमण करने वालों मुक्त नहीं कराव पा रहे हैं। वहीं सालों से तालाब गहरीकरण से लेकर विकास कार्य करवाने के लिए भी शासन से करोड रुपए की राशि आ चुकी है। उसके बाद भी हालात नहीं बदल सके है उल्टा तालाब अतिक्रमण



धारियों के चंगुल में चला गया है इनसे तालाब की भुमि खाली करवाने में पसीना आ रहे हैं। इसके आलावा कई दुकानदारों ने भी तालाब की जमीन कब्जा कर रखा है। अपनी दुकानों से निकालने वालीं गंदगी को भी तालाब डालने काम किया जा रहा है। इनके ऊपर भी नगर पालिका प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर पाए इस वजह से इसमें गंदगी ही गंदगी दिखाई देने लगी है। जबकि नगर पालिका सीएमओ के द्वारा श्रमदान से तालाब की सफाई करवाने के लिए सहयोग लिया जा रहा है उनकी मेहनत पर भी दुकानदार पानी फेर रहे है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों इनके ऊपर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जिससे कि तालाब में गंदगी ना कर सके लगभग 8 वर्ष पहले तत्कालीन एसडीएम चंद्र मोहन ठाकुर ने तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए बड़े शहरों की तर्ज पर निर्माण कार्य करवाने के लिए दो करोड़ 74 लाख रुपए की राशि मंजूर करवाई थी उसके बाद कुछ समय तो तेजी से काम हुआ पर इनके कार्यकाल के दौरान भी तालाब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गय तालाब में विकास कार्य करवाने के लिए भोपाल के ठेकेदार ने काम लिया था उसे अपना काम स्थानीय ठेकेदार को पेटी पर दे दिया इसके बाद कुछ दिनों तक यहां पर काम वह तत्कालीन अधिकारियों ने भी गंभीरता से काम नहीं करवाया इस वजह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया साथ ही पेटी पर काम होने से स्थानीय ठेकेदार ने भी कुछ दिनों के बाद निर्माण कार्य बंद कर दिए फिर कुछ सालों के बाद नगर पालिका परिषद ने भोपाल के ठेकेदार नोटिस जारी जारी किए पर वह काम करने नहीं आया लगभग एक करोड रुपए की राशि उसमें से खर्च हो चुकी है काम के नाम पर ज्यादा कुछ नजर नहीं आ रहा है। केवल चैपाटी दिख रही है छोटी सी कॉटन बाल बनी है बाकी काम धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है फिर इतनी राशि कैसे खर्च हो गई। या फिर काहे की तालाब के नाम पर भ्रष्टाचार किया जाता है इसकी चर्चाएं वर्षों होती आ रही है। तालाब का सौंदर्यीकरण हो पाएगा या फिर इसके नाम पर अभी भी भ्रष्टाचार होता रहेगा। तत्कालीन परिषद से लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की अनदेखी के चलते तालाब कायाकल्प नहीं हो पा रही है।

जलकुंभी की चपेट में

देखने की नहीं होने के कारण तालाब अधिकांश क्षेत्र में जलकुंभी के कारण इसकी हालत और भी ज्यादा खराब दिखाई दे रही है। जलकुंभी हटाने के लिए लाखों रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है उसके बाद भी यह समाप्त नहीं हुई है। दूसरी ओर इसमें अधिकांश दुकानदारों के द्वारा गंदगी करने का कार्य किया जा रहा है, इसके वजह से तालाब के हालत और भी ज्यादा खराब हो गए हैं। श्रमदान से नगर पालिका परिषद सीएमओ राम प्रकाश साहू के द्वारा सफाई करवाई जा रही है पर दुकानदारों के द्वारा इनके प्रयासों पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है। तालाब में गहरीकरण और विकास कार्य करवाने के नाम पर एक करोड़ से अधिक की राशि तो कागजों में खर्च हो गई है। बाकी तालाब गहरी करण के नाम बरसों से गोलमाल होता आ रहा है उसका हिसाब लगाया जाए तो करोड़ों पर बात पहुंचेगी।

### अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही, कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा दौरान दिए निर्देश

# बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए डीजे नहीं बजें ग्रेडिंग माह की शिकायतें फोर्स क्लोज नहीं कराएं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों व योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार कि कोताही नहीं बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि समयावधि में लक्ष्यों की पूर्ति कर जिले की प्रगति ग्राफ में गिरावट ना आए पर विशेष ध्यान दें।

**ग्रेडिंग माह की शिकायतें फोर्स क्लोज नहीं कराएं**

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज आवेदनों की समीक्षा दौरान सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रेडिंग मंथ जनवरी माह की एक भी शिकायत को फोर्स क्लोज नहीं कराएंगे। उन्होंने कहा कि विभागों को विभिन्न मतों में बजट आवंटित किया गया है खासकर हितग्राही मूलक योजनाओ के मामलों में आता है सीएम हेल्पलाइन में दर्ज इस प्रकार की शिकायतों का समाधान संतुष्टि पूर्वक संतोषजनक से करने के लिए आवेदकों से संपर्क करें।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जिले में सर्वाधिक समयावधि के लंबित पांच आवेदनों की पृथक से समीक्षा कर अधिकारियों से कहा कि यह सब कार्य प्रणाली को रेखांकित करता है कि हम आवेदन के निराकरणों के प्रति कितने गंभीर है। स्कूल शिक्षा विभाग में पात्रता धारक विघार्थियों के खाता त्रुटि के कारण 6 सालों से निराकरण नहीं कर उस छात्र को भारत सरकार की मैरिट छात्रवृत्ति से वंचित रखा। आवेदन एल फोर स्तर तक इधर-उधर विभागों के मध्य फुटबॉल की तरह भटकता रहा। इसी प्रकार आदिमजाति कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग,राजस्व विभाग से संबंधित है। कलेक्टर ने विभागों के अधिकारियों



से कहा कि शुक्र मानाएं कि समाधान कार्यक्रम में आवेदन शामिल नहीं हुए।

**लंबित आवेदनों की अलग से समीक्षा कर निराकरण मामलों में कसावट लाए**

कलेक्टर श्री सिंह ने घोर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रकार की अन्य सभी शिकायतों का निराकरण अभियान के रूप में क्रियान्वित करें। कलेक्टर ने विभागों में लंबित आवेदनों के निराकरण का साप्ताहिक लक्ष्य तय करते हुए कहा कि अब विभागीय जिला अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समस्त एसडीएम से कहा कि अनुविभाग स्तर पर सभी विभागों के लंबित आवेदनों की अलग से समीक्षा कर निराकरण मामलों में कसावट लाएं।

गौरतलब हो कि सीएम हेल्पलाइन तहत जिले में कुल 12162 आवेदनों लंबित है। जिसमें पचास दिवस के 6797 आवेदन तथा ग्रेडिंग माह जनवरी के 2404 आवेदन शामिल हैं। इसके अलावा जनसुनवाई कार्यक्रम के 195, सीपी ग्राम से संबंधित 70 लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में अप्रैल माह से ई-फाइलिंग प्रणाली सभी कार्यालयों में लागू हो जाएगी। प्रयोग के तौर पर यह कार्य मार्च से शुरू हो जायेगा। इसके लिए सभी को प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने एनआईसी के माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सभी पूर्ण गंभीरता से लेंगे ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

**डीजे की अनुमतियां जारी ना करें**

कलेक्टर श्री सिंह ने समस्त एसडीएमों को निर्देशित किया है कि आगामी बोर्ड परीक्षा को ध्यानगत रखते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी में डीजे से बजाने से व्यवधान न हो का विशेष ध्यान रखते हुए डीजे की अनुमतियां जारी ना करें। इसी प्रकार जिले के नागरिकों को किसी भी प्रकार की दुषित खाई सामग्री खाना ना पड़े इसके लिए खाद्य औषधि विभाग के अधिकारियों को सतत निरीक्षण अभियान के रूप में क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अवैध कॉलोनी के ऊपर सख्त कार्रवाई शीघ्र करें**

कलेक्टर श्री सिंह लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान सभी एसडीम एवं निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध कॉलोनी के ऊपर सख्त कार्रवाई शीघ्र करना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि जिले में अवैध कॉलोनी की सूची संपदा पोर्टल पर प्रदर्शित हो रही हैं। संपदा पोर्टल पर तमाम जानकारियां अविलंब दर्ज करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बैठक में जिले में उपार्जन कार्यो, खाद बीज के अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विभागीय समीक्षा की है। जिसमें चरनोई भूमि समेत अन्य बिंदु शामिल हैं।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित उक्त बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, श्रीमती मोहिनी शर्मा, सुश्री निकिता तिवारी के अलावा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। वहीं खंड स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

### निजी स्कूल प्रबंधन ने नियमों की उड़ाई धज्जियां, वीडियो हुआ वायरल

# पथरिया में चार पहिया वाहन के बोनट पर बिठाया बच्चों को, निकाली रैली

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रोव दिखाने के लिए किस तरह से पथरिया में एक प्राइवेट स्कूल प्रबंधक ने यातायात विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ते हुए स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़ करते हुए इन्हें पहिया वाहन के आगे बोनट पर बिठाकर रैली निकाली है।

हैरानी की बात तो यहां कि पथरिया थाने के सामने से भी वाहनों की रैली निकली पर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया या जानबूझकर अनजान बन गए जबकि इनके द्वारा दो पहिया वाहन चालको पर तो कार्रवाई की जाती है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद यातायात पुलिस के द्वारा कार्रवाई करने की बात कहीं जा रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि चार पहिया के बोनट पर स्कूली बच्चे बैठे हुए हैं उनकी जान से भी खिलवाड़ किया जा रहा है पीछे कई वाहनों की रैली चल रही है यदि कोई बच्चा गिर जाता तो बड़ी जनहनि भी हो सकती थी उसका जिम्मेदार कौन होता इस तरह नियमों को तार तार करने वालो पर यातायात पुलिस प्रशासन करवाई कर पाएंगे या नहीं दूसरी ओर पिछले दिनों एसपी के निर्देश पर यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के द्वारा लगातार अभियान चलाया गया इनकी मेहनत पर पथरिया में पानी फेरने का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें किस तरह



से यातायात विभाग के नियमों का खुलेआम मजाक उड़ाया गया है। जानकारी के अनुसार एक प्राइवेट स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के उपरांत चार पहिया वाहनों की रैली निकाली गई है। एक दिन पहले का वीडियो बताया जा रहा है।

**इनका कहना है**

यहां बहुत ही गलत है वीडियो की जांच के बाद हम जिम्मेदारों पर करवाई करेंगे।

-रितेश वाघेला यातायात सूबेदार सिरोंज

## वामसी पोर्टल पर वक्फ रिकॉर्ड का सही ढंग से भौतिक सत्यापन होने के लिए शहर काजी ने दिया ज्ञापन

**सिरोंज।** कई दिनों से सिरोंज एवं आसपास तहसील पटवारियों की टीम बनकर वक्फ रिकॉर्ड की दुरुस्ती के लिए मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा एक



सर्वे कार्य चल रहा हे जो शासन प्रशासन के माध्यम से हो रहा हे जिसमें वामसी पोर्टल नाम से एक पोर्टल दिया गया हे जिसमें वक्फ की मांगी गई जानकारी का भौतिक सत्यापन होना है। शहर काजी एवं जामा मस्जिद कमेटी द्वारा संयुक्त ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार महोदय को दिया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि वामसी पोर्टल पर मध्य प्रदेश शासन, वक्फ बोर्ड द्वारा सभी जगह शासन, प्रशासन, के माध्यम से ूउेप पोर्टल जारी कर वक्फ प्रॉपर्टी का भौतिक सत्यापन किया जा रहा हे जिसका कार्य शहर सिरोंज मे भी पटवारियों के माध्यम से किया जा रहा है। जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया कि सिरोंज नगर एवं आसपास में बहुत सारी वक्फ की मस्जिदे, मदरसे, कब्रस्तान, कृषि भूमि, मजार, है। जो वक्फ कार्यालय मे रजिस्टर्ड हो कर वक्फ बोर्ड की संपत्ति हे और कुछ रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने की वजह से कई अन्य मुतवल्लियों, या अन्य व्यक्ति विशेष के नाम दर्ज हे जबकि वो भी वक्फ की संपत्ति हे वामसी पोर्टल सर्वे के साथ वक्फ के रिकॉर्ड को भी दुरुस्त किया जाए जिससे वक्फ की संपत्ति का भौतिक सत्यापन सही ढंग से हो सके शहर काजी अब्दुल रशीद ने बताया कि वामसी के सर्वे से अचानक मस्जिद, मदरसे, मजारों के जिम्मेदारों मे तरह तरह की अफवाहें जन्म ले रही हे लोग सही से बात को समझ नहीं पा रहे हे जिसकी वजह से कुछ बता भी नहीं पा रहे हे तहसील कार्यालय द्वारा भेजे गए पटवारियों को भी सहयोग नहीं मिल पा रहा और वक्फ की सही जानकारी अंउेप पोर्टल पर नहीं भरी जा रही हे ज्ञापन के माध्यम से मांग करते है कि जो तहसील कार्यालय द्वारा वक्फ संपत्ति के भौतिक सत्यापन की लिए टीम बनाई हे उस टीम को और शहर सिरोंज के जिम्मेदार लोग,वक्फ संपत्ति के जानने वाले लोगों की एक मीटिंग तहसील कार्यालय द्वारा रखी जाए और अंउेप पोर्टल, या रिकार्ड दुरुस्ती, के सम्बन्ध मे पूरी जानकारी दी जाए ताकि सर्वे का कार्य आसानी से और सही ढंग से हो सके।

### मेट्रो एंकर सैफी सिरोंजी की छः नई किताबों का विमोचन

# सैफी सिरोंजी एक असाधारण व्यक्तित्व के धनी हैं: महमूद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

इंतेसाब पब्लिकेशंस और सद्भावना मंच के बैनर तले सैफी लाइब्रेरी में सिरोंज के प्रतिष्ठित लेखक डॉक्टर सैफी सिरोंजी की 84 किताबों के बाद छः नई किताबों का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों पर आधारित था।

पहले सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर खालिद महमूद ने कहा कि सैफी सिरोंजी एक असाधारण व्यक्तित्व के धनी हैं, उनमें जो खूबियां हैं, वो जिस शखस में होंगी उसे असाधारण बना देंगी। राजस्थान से प्रोफेसर अजीजउल्लाह शीरानी ने



कहा कि सैफी की शायरी से हिन्दुस्तानी तहजीब की मिट्टी की खुशबु आती है। मुंबई उर्दू न्यूज के फरहान हनीफ वारसी ने सैफी को साहित्य का ऐसा मुसाफिर करार दिया जो मंजिल पर पहुंचने के बाद रुकता नहीं है। मुंबई से शादाब रशीद ने कहा कि नव्वे किताबें लिखने के बाद भी सैफी सिरोंजी आज तक सीखने का जज्बा रखते हैं।

दूसरे सत्र की अध्यक्षता इकबाल मसूद ने की और कहा कि सैफी का कद इतना बढ़ गया है कि जमीन से लेकर ऊपर तक नजर आता है, हम देखना चाहें तो हमारी टोपी गिर जाती है। डीजीपी एम डब्लू अंसारी ने किताब सरहद पार पर गुफ्तगू की। दिल्ली से जकी तारिक ने कहा कि उन्होंने उर्दू जबान की खुशबु से पूरी दुनिया को महकाया है। शाहिद हबीब ने सैफी सिरोंजी की किताब मोजूआती नज्में पर अपने विचार व्यक्त किए। इन वक्ताओं के अलावा जफर सिरोंजी, उरूज अहमद, असद हाशमी ने भी किताबों पर संवाद किया। दोनों सत्रों के संचालन की जिम्मेदारी निभाते हुए स्तुति अग्रवाल ने इंतेसाब पब्लिकेशंस और सद्भावना मंच के पूर्व आयोजित कार्यक्रमों पर रोशनी डाली। विमोचन के बाद काव्य गोष्ठी भी की गई।

अब्दुल सुबूर खान, पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन, सईद खान, जफर उल्लाह खान, अब्दुल अलीम, जुनैद अहमद, वाजिद कुरैशी, जावेद साहिल, रचना राय और रिजवान खान ने अतिथियों का स्वागत किया। आखिर में सद्भावना मंच के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने श्रोताओं का शुक्रिया अदा किया।

# श्रीलंका की 2 वनडे के लिए टीम घोषित, चमिंडा चोट के कारण बाहर

**ऑस्ट्रेलिया से पहला मैच 12 फरवरी को**

**नईदिल्ली. एजेंसी**

श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 वनडे की सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। लेफ्ट आर्म पेस बॉलिंग ऑलराउंडर चमिंडा विक्रमसिंघे चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना सके। चरिथ असलंका ही 16 सदस्यीय टीम की कप्तानी करेंगे।

सीरीज का पहला मैच 12 फरवरी और दूसरा मैच 14 फरवरी को खेला जाएगा। दोनों मुकाबले कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से शुरू होंगे। श्रीलंका चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट का हिस्सा है, इसलिए उनके लिए यह सीरीज बेहद अहम है। श्रीलंका ने 2 वनडे के लिए मजबूत टीम का ऐलान किया। असलंका की कप्तानी में टीम के पास पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो और कुसल मेंडिस जैसे अनुभवी बैटर्स के साथ निशान मदुष्का और नुवानिडु फर्नांडो भी शामिल हैं। मेंडिस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 2 फिफ्टी लगाई थीं।

**4 स्पिनर्स और 4 पेसर्स भी शामिल :** श्रीलंका ने स्क्वॉड में 4 स्पिनर्स और 4 ही पेसर्स को भी जगह दी है। वनिंदु हसरंगा और महीश तीक्षणा स्पिन डिपार्टमेंट को लीड करेंगे, उनका साथ जेफरी वांडरसे और दुनिथ वेल्लालागे देंगे। असिथा फर्नांडो, लहिरु कुमारा, ईशान मलिंगा और मोहम्मद शिराज टीम के 4 पेसर्स हैं।

**वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका टीम :** चरिथ असलंका (कप्तान), निशान मदुष्का, नुवानिडु फर्नांडो, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पाथुम निसांका, वनिंदु हसरंगा, जनिथ लियानागे, कामिंडु मेंडिस, असिथा फर्नांडो, लहिरु कुमारा, ईशान मलिंगा, मोहम्मद शिराज, महीश तीक्षणा, जेफरी वांडरसे और दुनिथ

**स्मिथ कर सकते हैं ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी :** ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वनडे टीम की घोषणा पहले ही कर दी थी। चोटिल पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी कर सकते हैं। टीम के पास ट्रैविस हेड को भी कप्तानी देने का ऑप्शन मौजूद है।



# बॉलर जसप्रीत बुमराह एनसीए में गेंदबाजी और जिम शुरू करेंगे

## 48 घंटे मॉनिटरिंग करेंगे एक्सपर्ट, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वापसी का इंतजार करेगा बोर्ड

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बैक इंजरी को लेकर नया अपडेट आया है। बुमराह नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। नेशनल क्रिकेट एकेडमी में उनका स्कैन किया गया था। स्कैन की रिपोर्ट को लेकर मेडिकल टीम और बीसीसीआई के बीच चर्चा हुई है। अब अगले 24-48 घंटे उनकी फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान उनके कुछ जिम वर्क और हल्की गेंदबाजी शुरू करने की संभावना है। चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह का खेलना या न खेलना इसी रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। फिलहाल वे स्क्वॉड में शामिल हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। हालांकि सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है।



### 1 परसेंट चांस भी है, तो बीसीसीआई इंतजार करेगा

एक सूत्र ने बताया, बुमराह के फिट होने का अगर 1 परसेंट चांस भी है, तो बीसीसीआई इंतजार कर सकता है। बोर्ड ने हार्दिक पंड्या के साथ भी 2023 वनडे वर्ल्ड कप में ऐसा ही किया था, क्योंकि रिप्लेसमेंट के रूप में प्रसिद्ध कृष्णा को लेने से पहले उन्होंने करीब दो हफ्तों तक इंतजार किया था।

### 5 हफ्ते आराम की सलाह दी

बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट में 3 जनवरी को चोटिल हुए थे। तब बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने सलाह दी थी कि वे अगले 5 हफ्ते किसी तरह का जिम या एक्सरसाइज नहीं कर सकते हैं, उन्हें पूरी तरह से आराम करने की जरूरत है।

### 11 फरवरी तक टीमों में हो सकता है बदलाव

भारत की सिलेक्शन कमेटी ने 18 जनवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए जसप्रीत बुमराह को भी टीम में शामिल किया गया था। सिलेक्शन कमेटी ने बुमराह के बैकअप के लिए अर्शदीप सिंह को रखा था। वहीं, ढ्ढष्ट ने टूर्नामेंट के लिए स्क्वॉड में बदलाव के लिए 11 फरवरी तक की डेटलाइन तय की है।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए थे बुमराह

बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें पीठ की समस्या थी। इस वजह से उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भी आराम दिया गया। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ 12 जनवरी को अहमदाबाद में होने वाले तीसरे वनडे के लिए उन्हें चुना गया है।

### भारत का सामना 23 फरवरी को पाकिस्तान से होगा

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। यह मुकाबला 20 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम का दूसरा मुकाबला 23 फरवरी को पाकिस्तान और तीसरा मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। टूर्नामेंट के 2 सेमीफाइनल 4 और 5 मार्च को होंगे। वहीं, 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

# रणजी ट्रॉफी में मुंबई ने 292 रन की बढ़त ली, सूर्यकुमार व रहाणे की फिफ्टी

**कोलकाता. एजेंसी**

रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल राउंड शुरू हो चुका है। सोमवार को मुकाबले के तीसरे दिन मुंबई ने 292 रन की बढ़त ले ली है। स्टंप्स तक टीम ने दूसरी पारी में 278/4 का स्कोर बना लिया। सूर्यकुमार यादव ने 70, अजिंक्य रहाणे ने नाबाद 88 रन बनाए। हरियाणा ने दूसरे दिन के स्कोर 263/5 से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन टीम 301 पर ऑलआउट हो गई। कप्तान अंकित कुमार ने शतक लगाया। शार्दूल ठाकुर ने 6 विकेट लिए। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में मुंबई ने पहली पारी में 315 रन बनाए थे। शार्दूल को 6 विकेट, सूर्या की वापसी शार्दूल ने मुंबई के लिए शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने आखिरी के 4 विकेट लिए। कुल 18.5 ओवर की गेंदबाजी में 58 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। पहली पारी के आधार पर मुंबई को 14 रन की लीड मिली। दूसरी पारी में रहाणे-सूर्या की फिफ्टी दूसरी पारी में मुंबई की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहला विकेट आकाश आनंद के रूप में 34 रन पर गंवा दिया। आयुष म्हात्रे ने 31, सिद्धेश लाड ने 43 रन बनाए। पहली इनिंग में 9 रन बनाने वाले सूर्यकुमार यादव ने वापसी की और 8 चौके, 2 छक्के की मदद से 70 रन की पारी खेली। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने नाबाद 88 रन की पारी खेलकर मुंबई को कमांडिंग सिचुएशन में पहुंचा दिया। शिवम दुबे 30 रन पर नाबाद हैं। हरियाणा से ठकराल को 2 विकेट मिले। केरल 281 रन पर सिमटी पुणे में केरल की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। सोमवार को तीसरे दिन केरल की पहली पारी 281 रन पर सिमट गई। सलमान निजार ने 112 रन की पारी खेली। जम्मू से आकिब नबी ने 27 ओवर में 53 रन देकर 6 विकेट लिए। टीम ने पहली पारी में 280 रन बनाए थे। स्टंप्स तक जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में 180/3 रन बना लिए हैं। टीम की बढ़त 179 रन की हो गई। कप्तान पारस डोगरा 73 रन और कन्हैया वधावन 42 रन पर नॉटआउट लौटे। केरल से एमडी निधीश 2 विकेट ले चुके हैं।



# निशानेबाजी: भारत के पार्थ माने चमके, दो स्वर्ण पदक किए हासिल

**लीमा. एजेंसी**

पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए। आइएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता।

**महिला टीम भी विजेता:** गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रेकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता।

# भारतीय महिला टीम ने द.अफ्रीका को हराया

**दुबई. एजेंसी**

भारतीय महिला टीम ने आइसीसी टी-20 विश्व कप से पूर्व अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को 28 रन से हरा दिया। मंगलवार को यहां खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 144 रन बनाए, जिसमें रिचा घोष ने 36, दीप्ति शर्मा ने नाबाद 35 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 30 रन का योगदान किया। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी।भारतीय गेंदबाजों ने बेहद किफायती गेंदबाजी की।



## मेट्रो बाजार

# कर्ज में डूबा सैलरीड क्लास! क्रेडिट कार्ड से खर्च 2 लाख करोड़ के पार





**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत का नौकरीपेशा वर्ग पहले के मुकाबले और ज्यादा कर्ज में डूबता जा रहा है। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रेडिट कार्ड से खर्च 14.5 फीसदी बढ़कर पहली बार 2 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया। वहीं बैंकबाजार के एस्पिरेशन इंडेक्स के मुताबिक, भारत में नौकरी करने वाले ज्यादातर लोगों के ऊपर 25 लाख रुपए तक का कर्ज है। 25 लाख तक के लोन लेने वालों का आंकड़ा 91.2 फीसदी हो चुका है। पिछले साल तक यह आंकड़ा 88 फीसदी था। केवल 13.4 फीसदी नौकरीपेशा कर्जमुक्त हैं, जिनकी 19 फीसदी थी। घर खरीदना प्राथमिकता सर्वे के अनुसार, भारतीय वर्कफोर्स में घर खरीदना सबसे पहली प्राथमिकता है। इसके बाद सैलरीड क्लास स्वास्थ्य, रिश्तों, प्रसिद्धि व तरक्की पर पैसा खर्च करना चाहते हैं। युवाओं में अपना रोजगार करने की चाहत भी बढ़ी है। वो अपना स्टार्टअप करना चाहते हैं। इस मामले में महिलाएं आगे हैं। पूर्वी भारत में नौकरी करने वाले एजुकेशन लोन, दक्षिण भारत में कार लोन और उत्तर एवं पश्चिम भारत में होम लोन ज्यादा लेना चाहते हैं। सर्वे के अनुसार, लोन और क्रेडिट कार्ड जैसे फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल सबसे ज्यादा नौकरी कर रहे लोग ही करते हैं। साथ ही ये ऑनलाइन खरीदारी भी करते हैं।

# एफएंडओ ट्रेडिंग में कॉन्ट्रैक्ट साइज होगा तिगुना, डेली एक्सपायरी बंद

**मुंबई, एजेंसी.** फ्यूचर्स एंड ऑप्शन (एफएंडओ) के वॉल्यूम में आ रही तेजी और इसमें छोटे निवेशकों को बड़े घाटे से चिंतित सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा और बाजार की स्थिरता के लिए एफएंडओ के नियम सख्त किए हैं। नए नियम चरणबद्ध तरीके से प्रभावी होंगे। इससे एफएंडओ की तेजी पर अंकुश लगने की उम्मीद है। सेबी ने से फ्यूचर्स एंड ऑप्शन ट्रेडिंग के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइज को तिगुना कर दिया है। साथ ही अनिवार्य कर दिया है कि प्रत्येक एक्सचेंज में सप्ताह में केवल एक सूचकांक के लिए ही डेरिवेटिव अनुबंध होगा। डेली एक्सपायरी बंद हो जाएगी। डेरिवेटिव्ज कांट्रैक्ट का मिनिमम ट्रेडिंग अमाउंट 15 लाख रुपए होगा, जो अभी 5 से 10 लाख रुपए के बीच है। इसके बाद दूसरे चरण में इसे बढ़ाकर 15 से 20 लाख रुपए किया जाएगा। सभी 5 दिन के बजाय एक्सपायरी की संख्या को प्रति स्टॉक एक्सचेंज सप्ताह में एक तक सीमित होगा। इससे वीकली ऑप्शंस की संख्या 18 से घटकर 6 रह जाएगी। आइआइएफएल सिक्योरिटीज के मुताबिक, वीकली एक्सपायरी को प्रति एक्सचेंज 1 कॉन्ट्रैक्ट तक सीमित करने से बाजार के वॉल्यूम में 35त्न तक गिरावट आने की संभावना है। कॉन्ट्रैक्ट के साइज को 3 गुना बढ़ाने और 6 महीने बाद 4 गुना करने से रिटेल पार्टिसिपेशन प्रभावित होगी और एफएंडओ में एक्टिव ट्रेडर्स की संख्या कम हो सकती है।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# अनन्या बोलीं- मुझे लगता है कि मेरा नाम वास्तव में मेरा नहीं है, यह मुझे तीसरे व्यक्ति जैसा महसूस कराता है..

अभिनेत्री अनन्या अपनी फिल्मों और स्टाइलिश लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। अनन्या ने हाल ही में इम्पोस्टर सिंड्रोम से ग्रसित होने की बात कही है। अनन्या पांडे ने बताया कि खुद को पोस्टर या बिलबोर्ड पर देखकर वो भूल जाती हैं कि वो खुद उस पोस्टर में हैं। इस सिंड्रोम का शिकार हैं अनन्या पांडे एक बातचीत के दौरान अनन्या पांडे ने कहा कि वह किस तरह से अपने स्टारडम और प्रसिद्धी को अपनाती हैं। अनन्या ने कहा, ये सिंड्रोम किसी साधारण सी बात से शुरू होती है, जैसे कि जब कोई मेरा नाम लेता है। इंटरव्यू और अन्य चीजों के दौरान, मुझे लगता है कि मेरा नाम वास्तव में मेरा नहीं है, और यह मुझे तीसरे व्यक्ति जैसा महसूस कराता है। जब ऐसा होता है तो मुझे अचानक किसी और की तरह बनने का मन करता है। अनन्या ने कहा कि जब मैं खुद को किसी बिलबोर्ड में देखती हूं तो मुझे लगता है कि ये मैं नहीं हूं। कई बार ऐसा फिल्मों को देखकर भी लगता है। मैं इसे एक दर्शक की तरह ही देखती हूं। मैं भूल जाती हूं कि सामने मैं ही नजर आ रही हूं।



# एक्टर केके मेनन अपने अभिनय कौशल के दम पर दर्शकों के दिल पर छा गए

जब भी बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकारों का नाम लिया जाएगा, उस लिस्ट में केके मेनन का नाम जरूर आएगा। अपने शानदार और जीवंत अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता केके मेनन ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन फिल्में की हैं। अभिनेता अपने कौशल के दम पर लाखों दिलों पर राज करते हैं। केके मेनन ने अभिनय की शुरुआत थिएटर से की थी। उन्होंने पहली बार थिएटर में दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ काम किया। एक लंबा समय थिएटर को देने के बाद साल 1995 में फिल्म 'नसीम' से उन्हें पहला ब्रेक मिला। हालांकि, इस फिल्म में उनका किरदार छोटा था, लेकिन इस फिल्म के बाद उन्होंने कई शानदार फिल्में की और अपने अभिनय कौशल के दम पर दर्शकों के दिल पर छा गए। सिर्फ फिल्मों में ही नहीं अभिनेता टीवी शोज में भी अपने अभिनय का कमाल दिखा चुके हैं। अभिनेता ने 'प्रधान मंत्री', 'लास्ट ट्रेन टू महाकाली', 'जेबरा 2' जैसे शोज में भी अपना जलवा दिखाया है। अभिनेता जब थिएटर कर रहे थे, उसी दौरान उन्होंने अभिनेत्री निवेदिता भट्टाचार्य से शादी की। अभिनेत्री उनके संघर्ष के दिनों से ही साथ है। बता दें कि निवेदिता टीवी के दुनिया में सक्रिय रहती हैं।



# तारा सुतारिया ने कहा- वह सिंगल है...



*तारा सुतारिया भले ही बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री है, लेकिन इस समय उनके हाथ में प्रोजेक्ट्स की कमी नजर आ रही है। प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोरने वाली तारा पिछले दिनों अपने कथित एक्स बॉयफ्रेंड आदर जैन की सगाई को लेकर चर्चा में थीं। हालांकि, इसके बाद तारा का नाम अभिनेता अरुणोदय सिंह के साथ जुड़ने लगा। अब अभिनेत्री ने खुद चुप्पी तोड़ इन सभी अफवाहों पर विराम लगाया है। बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया ने हाल ही में अभिनेता अरुणोदय सिंह के साथ डेटिंग की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। कुछ दिनों पहले अफवाह आई थी कि वह अभिनेता के साथ रिश्ते में हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया था और यह पहली बार है जब तारा ने डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है।*

तारा ने अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि वह सिंगल हैं। अभिनेता के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए तारा ने कहा, अरुणोदय मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और मैं सिंगल हूं। इससे पहले सामने आई एक रिपोर्ट ने पुष्टि की कि तारा अरुणोदय को डेट कर रही हैं और यह भी दावा किया कि दोनों डेढ़ साल से एक साथ हैं। वही, कथित तौर पर तारा इससे पहले रणबीर कपूर के चचेरे भाई अदार जैन को डेट कर रही थीं और दोनों ने अपने रिश्ते को आधिकारिक भी कर दिया था, हालांकि यह रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला। वर्कफ्रंट की बात करें तो तारा ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

## मनचले ने फर्स्ट ईयर की छात्रा को छेड़ा सीएम हेल्पलाइन में पहुंची शिकायत

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित एक मल्टी में केबल ऑपरेटर के घर काम करने वाले मनचले पर पुलिस ने छेड़छाड़ की धाराओं में एफआईआर की है। दरअसल, मल्टी में रहने वाली फर्स्ट ईयर की छात्रा का मनचला लंबे समय से परेशान कर रहा था। छात्रा ने घटना की शिकायत सीएम हेल्प लाइन में तक कर दी। सीएम हेल्प लाइन में शिकायत होने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार 19 साल की युवती इलाके में रहती है और फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उसके साथ उसकी दो भतीजी भी रहती है। जिस मल्टी में वह रहती है उसी मल्टी में आरोपी रहता है और केबल ऑपरेटर के पास काम करता है। युवती का कहना है कि वह पूरे समय भांग के नशे में रहता है और आते जाते छेड़छाड़ करता है। उसकी शिकायत उसके परिजन से की थी, लेकिन परिजन की समझाइश का भी उस पर असर नहीं हो रहा था। मनचले से परेशान होकर उसने सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत की थी। सीएम हेल्प लाइन से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### विवाद में साडू भाई के घर में आग लगाई

**भोपाल।** ईटखेड़ी इलाके में पारिवारिक विवाद के चलते साडू भाई ने घर में आग लगा दी। इसके पूर्व छत से बिजली के तार हटाए और सिलेंडर बाहर निकाला था। पड़ोसी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगजनी का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को आरोपी को जिला अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, विसन सिंह अहिरवार ग्राम चांदपुर में रहता है और निजी काम करता है। विसन के पड़ोस में बलराम मीना और मुकेश मीना रहते हैं। दोनों आपस में साडू भाई हैं। उनके बीच पारिवारिक विवाद है। रविवार रात करीब साड़े नौ बजे मुकेश मीना घर पर नहीं था। तभी बलराम मीना ने छत से बिजली से तार हटाए। मुकेश के घर से सिलेंडर निकाला और घर में आग लगा दी। बलराम को यह करते हुए विसन ने देख लिया। विसन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बलराम के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार किया और बाद में जेल भेज दिया है।

## पति गया काम पर, घर पर महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित राहुल नगर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर में बेसुध पड़ी देख पति उसे जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना अरेरा हिल्स पुलिस को मिलने के कारण अरेरा हिल्स पुलिस ने मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कमला नगर पुलिस को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार पूजा रजक पति अरुण रजक (35) राहुल नगर, कमला नगर में रहती थी। पूजा के पति अरुण ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट काम करता है। सोमवार सुबह वह काम पर गया था। पूजा घर पर अकेली थी। शाम करीब साड़े 4 बजे वह घर लौटा तो पूजा उसे बेसुध पड़ी नजर आई। वह पूजा को लेकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद पूजा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### बस की टक्कर से घायल हुए युवक की मौत

**भोपाल।** बैरसिया इलाके सड़क क्रास करते समय अधेड़ व्यक्ति को यात्री बस ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया गया था। घायल की मौत के बाद आरोपी चालक पर धाराएं बड़ाई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार हरिचरण कुशवाह पुत्र ऊधम सिंह कुशवाह (50) बसई, बैरसिया में रहते थे और प्रायवेट काम करते थे। बीती 27 जनवरी की सुबह करीब नौ बजे वह बैरसिया स्थित चांदनी चौक के पास सड़क क्रास कर रहे थे, तभी बैरसिया से शमशाबाद चौराहे की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार यात्री बस ने उन्हें टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से हरिचरण के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों ने उन्हें पहले बैरसिया स्थित जरनल अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने के कारण भोपाल रैफर किया गया था। घरवालों ने उन्हें भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां करीब दो सप्ताह तक चले इलाज के बाद हरिचरण ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हरिचरण के भतीजे सुनील कुशवाह की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया था। घायल की मौत के बाद चालक पर धाराएं बड़ाई जा रही हैं। इधर, गुनगा इलाके में रहने वाले एक किसान की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राम सहरिया (55) ग्राम मथनाकुंड में रहते थे और खेती किसानी करते थे। सोमवार को वह खेत पर पानी लगाने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें बिजली का करंट लग गया। परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद राम सहरिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कर परिजन को सौंपा।

### जीआरपी भोपाल और रानी कमलापति थाने ने दर्ज किए प्रकरण

# ट्रेन के गेट पर लूट, यात्रियों के हाथ पर डंडा मारकर मोबाइल छीने

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**निशातपुरा आउटर पर खड़ी ट्रेनों में यात्रियों के बैग, लैपटाप, मोबाइल, ट्रॉली बैग समेत अन्य सामान चुराने वाला गिरोह सक्रिय है तो वहीं दूसरी तरफ चलती ट्रेन में भी यात्रियों का सामान छुड़ाया जा रहा है।**



ट्रेन यात्रियों के साथ चोरी व लूट की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अज्ञात बदमाशों ने पातालकोट व जनशताब्दी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्रियों के मोबाइल हाथ पर डंडा मारकर लूट लिए। घटना के समय फरियादी ट्रेन के गेट के पास खड़े मोबाइल पर बात कर रहे थे। जीआरपी रानी कमलापति व जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भोपाल जीआरपी के अनुसार नितिन मालवीय विगत 7 फरवरी को पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से विदिशा की यात्रा कर रहे थे। वह कोच के गेट के पास खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहे थे। उसी दौरान रेलवे स्टेशन दीवानगंज के पास नितिन के पास खड़े एक यात्री ने मोबाइल पर हाथ मारकर नीचे गिरा दिया। मोबाइल पर हाथ मारने वाला यात्री धीमी गति से चल रही ट्रेन से कूदा और नीचे गिरा मोबाइल उठाकर फरार हो गया। विदिशा पहुंचने पर फरियादी ने जीआरपी विदिशा में शून्य पर प्रकरण दर्ज कराया था। जीआरपी विदिशा ने केस डायरी जीआरपी थाना भोपाल भेज दी है।

### डंडा लेकर तैयार खड़ा था बदमाश

जीआरपी रानी कमलापति के मुताबिक एकता चौक नर्मदापुरम निवासी अभय जैन (22) विगत सात फरवरी को रेलवे स्टेशन रानी कमलापति से नर्मदापुरम जाने के लिए जनशताब्दी एक्सप्रेस के कोच डी-14 में एमएसटी टिकिट पर गेट पर खड़ा होकर नर्मदापुरम की यात्रा कर रहा था। रानी कमलापति स्टेशन से ट्रेन चलने के 10 मिनट बाद पटरी के पास खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने चलती ट्रेन में फरियादी के हाथ पर डंडा मारकर हाथ में रखा मोबाइल नीचे गिरा लिया और मोबाइल उठाकर फरार हो गया। फरियादी ने जीआरपी इटारसी में शून्य पर प्रकरण दर्ज कराया था। वहां से जीआरपी रानी कमलापति को डायरी भेजी गई है।

### महिला के कान से सोने की झुमकी निकाल ली

जीआरपी रानी कमलापति ने बताया कि भोपाल निवासी अनिल बादल विगत 8 फरवरी को अपनी मां इन्द्रा बादल (79) के साथ झांसी से रेलवे स्टेशन रानी कमलापति की यात्रा पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन के कोच बी-1 में कर रहे थे। रानी कमलापति स्टेशन आने पर कोच के गेट पर भीड़ अधिक थी। इसलिए फरियादी अपनी मां के साथ उससे लगे कोच ए-1 के गेट के सामने आकर खड़े हो गए। ट्रेन के रुकते ही मां-बेटे ट्रेन से उतर गए। तभी इन्द्रा बादल ने देखा कि उनके दाहिने कान में पहनी सोने की झुमकी नहीं है। आसपास तलाश करने पर भी झुमकी नहीं मिली। फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कोई अज्ञात चोर भीड़ का फायदा उठाकर कान से सोने की झुमकी निकाल ले गया। झुमकी की कीमत 52 हजार रुपए बताई गई है।

## ई रिक्शे से सफर में महिला का मंगलसूत्र और झुमकी गायब

**मुगालिया छाप परवलिया से जेवर सुधरवाने चौक बाजार आई थी महिला**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

ई रिक्शा में सफर के दौरान महिला के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि वह अपनी दोनों बहनों और मां के साथ ई रिक्शे में सफर कर रही थी। उन्हें चौक बाजार कोतवाली में जेवर में सुधरवाना था। वह बाल विहार रोड से कोतवाली आने के लिए निकली थ्री। इस दौरान अज्ञात चोर ने झोले में रखा मंगलसूत्र और झुमकी वाली डिब्बी चुरा ली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार चंदा साहू पति विजय साहू (32) गांव मुगालिया छाप, परवलिया सड़क इलाके में रहती हैं। गृहणी चंदा साहू गत 8 फरवरी को वह भोपाल अपनी बहन के घर आई थी। बहनों और मां को लेकर वह बाल विहार रोड से ई रिक्शे में सवार हुई। सभी को चौक बाजार कोतवाली जाना था।

### ई रिक्शे में तीन अन्य महिलाएं भी थीं सवार जेवरात की अनुमानित कीमत 90 हजार

ई रिक्शे में तीन अन्य महिलाएं भी थी। चौक बाजार उतरने के बाद वे ज्वैलर्स की दुकान पर पहुंची। उन्होंने झोले में रखी मंगलसूत्र और झुमकी वाली डिब्बी देखी तो नहीं मिली। इसके बाद हनुमानगंज थाने पहुंचकर शिकायत की। हनुमानगंज पुलिस ने उन्हें कोतवाली थाने जाने की सलाह दी। कोतवाली पहुंचने के बाद चंदा साहू ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। चोरी गए जेवरात पुराने हैं और पुलिस ने उनकी कीमत 90 हजार रुपए बताई है।

## बेरोजगार युवक को ऑटो में बिठाकर किया ब्लैकमेल फिर जानलेवा हमला

**झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ट्रांसफर कराए रुपए तीन युवक और एक महिला समेत चार लोगों पर प्रकरण**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित छोला कलारी के पास आटो सवार तीन बदमाशों ने युवक का आटो में अपहरण कर लिया। आरोपी उसे यहां-वहां घुमाते रहे और एक महिला की मदद से युवक को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 4 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। बाद में उसे धमकाते हुए पेट्रोल पंप के पास छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार हर्षित दुबे (29) स्टेशन बजरिया में रहता है और बेरोजगार है। बीती 8 फरवरी की रात वह अपने दोस्त के साथ छोला कलारी पर शराब पीने पहुंचा था। उसके बाद दोनों दोस्त पेट्रोल पंप के पास एक ठेले पर खड़े होकर बातचीत करने लगे।

### तीन लोगों ने बात करने बुलाया था

रात करीब 10 बजे एक आटो में सवार तीन युवक वहां पहुंचे और बातचीत करने के लिए हर्षित को बुलाया। हर्षित आटो की पिछली सीट पर बैठे दोनों युवकों के बीच में जाकर बैठ गया। उसके बाद आटो चालक उसे अग्रवाल धर्मशाला, कबाड़खाना, सिंधी कालोनी चौराहा होते हुए पुतलीघर बस स्टैंड के पास लेकर पहुंचा।

यहां तीनों ने हर्षित से कहा कि तुम्हारे पास कितने पैसे हैं। हर्षित ने बताया कि उसके पास पैसे नहीं हैं, जिसके बाद आटो चालक तीनों युवक उसे काजीकैंप स्थित एक गली में लेकर पहुंचे। वहां आटो में बैठे युवकों की परिचित महिला मिली। उसने कहा कि पैसे ट्रांसफर नहीं करोगे तो वह उसे झूठे केस में फंसा दूंगी।

### नुकीले हथियार से हमला बोला

हर्षित ने जब रुपए देने से इंकार किया तो आटो में पीछे बैठे दोनों युवकों ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी दोनों जांघों पर गंभीर चोट आई। मारपीट के दौरान हर्षित का पर्स और घड़ी भी आटो में गिर गई थी। डर से हर्षित ने महिला के बताए नंबर पर 4 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। हमला करने के बाद आरोपी उसे इधर-उधर घुमाते रहे। रात करीब दो बजे वह आफिर नगर पुल के नीचे से मंडीगेट तक पहुंचे और बाद में वापस पेट्रोल पंप के पास छोड़ दिया। बदमाशों की धमकी के कारण वह उस वक्त घर चला गया था।

### ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित नारायण नगर में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। कोलार रोड निवासी मुकेश अहिरवार पुत्र फागूलाल अहिरवार (21) प्रायवेट काम करता था। सोमवार की शाम करीब छह बजे वह नारायण नगर के पास रेलवे पटरी पार कर रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा और मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। इधर पिपलानी पुलिस ने बेहोशी की हालत में मिले अज्ञात व्यक्ति को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मचुर्री में रखवा दिया था। मृतक के पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं। मृतक की उम्र करीब 41 वर्ष बताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर** महिला थाना पुलिस ने 4 भाइयों पर दहेज का दर्ज किया प्रकरण

## बारातियों को चैन व कार की डिमांड, वर पक्ष ने शादी तोड़ी

भोपाल, दोपहर मेट्रो



गांधी नगर इलाके में रहने वाली एक युवती से सगाई करने के बाद शादी से पहले दहेज की मांग कर रहे युवक और उसके चार भाइयों के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने दहेज अधिनियम की धाराओं में एफआईआर की है। दरअसल, सगाई होने के बाद 10 दिसंबर 2024 को युवती की शादी होनी थी। शादी से पहले वर ने बारात में आने वाले लोगों के लिए चेन और खुद के लिए कार की मांग कर ली। सभी को चेन और कार देने में बड़ी रकम नहीं होने के कारण वधु पक्ष ने दहेज देने से मना किया था। इधर, दहेज नहीं मिलने से नाराज होकर वर और उसके भाइयों ने शादी से मना किया।

### पंडितजी ने मना किया है

उनका कहना था कि पंडित जी ने मना कर दिया है। पीड़िता ने घटना की शिकायत महिला थाने में की थी। महिला थाना पुलिस ने जांच के बाद वर और उसके चार भाइयों पर दहेज अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 32 साल की युवती गांधी नगर इलाके में रहती हैं और प्राइवेट जॉब करती है। उसके पिता जीएसटी में इंस्पेक्टर है। युवती का रिश्ते कमला नगर इलाके में रहने वाले पवन चौरे से हुआ था। पवन शासकीय नौकरी पर है। युवती और पवन चोरी की सगाई हो गई। सगाई में रीति रिवाज के अनुसार युवती के परिजन ने मेहमानों का स्वागत सत्कार किया था।

### 10 दिसंबर को होने वाली थी शादी

10 दिसंबर को युवती की शादी होनी थी। इससे पहले ही पवन और उसके भाइयों में अखिलेष चौरे, प्रशांत चौरे, अनुराग चौरे ने युवती के परिवार से चर्चा की और कहा कि उन्हें दहेज में कार चाहिए।

इसके अलावा बारात में आने वाले परिवार के सदस्यों को सोने की चेन चाहिए। कार और सभी को सोने की चेन देना युवती के पिता की हैसियत में नहीं था। लिहाजा उन्होंने पवन और उसके भाइयों से गुजारिश करते हुए अक्षमता दिखाई। इस पर पवन और उसके भाइयों ने कहा कि पंडित जी ने शादी करने से मना कर दिया है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022